# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 4 जनवरी 2026

संवत 2082, पौष कृष्णपक्ष प्रतिपदा मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 116 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028






4 ▸▸ ऑफ भी बन सकते हैं बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफिसर

यामी गौतम ने याद किया थिएटर का पहला अनुभव ◂◂ 6


## रेप-मर्डर केस में सजा काट रहा राम रहीम फिर आएगा जेल से बाहर, मिली 40 दिन की पैरोल,सिरसा डेरे में रहेगा



**रोहतक :** दो साध्वियों से दुष्कर्म और पत्रकार की हत्या के मामलों में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर 40 दिनों की पैरोल दी गई है। वह फिलहाल रोहतक की सुनारिया जिला जेल में बंद है। पैरोल की अवधि के दौरान वह हरियाणा के सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा परिसर में रहेगा।

सूत्रों के मुताबिक, राम रहीम की पैरोल को बुधवार शाम मंजूरी मिली, जिसके बाद जेल प्रशासन ने रिहाई की प्रक्रिया शुरू कर दी। पैरोल के दौरान उसे प्रशासन द्वारा तय की गई शर्तों का सख्ती से पालन करना होगा। वह डेरा परिसर से बाहर किसी सार्वजनिक कार्यक्रम या आयोजन में भाग नहीं ले सकेगा और उसकी गतिविधियों पर प्रशासन की लगातार निगरानी रहेगी।

गुरमीत राम रहीम वर्ष 2017 से सुनारिया जेल में बंद है। उसे दो साध्वियों के साथ दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में भी वह दोषी ठहराया जा चुका है। इन मामलों के बाद से उसे कई बार पैरोल और फरलो मिल चुकी है, जिसे लेकर समय-समय पर राजनीतिक और सामाजिक विवाद भी खड़े हुए हैं। इस बार दी गई 40 दिन की पैरोल भी इसी कड़ी का हिस्सा है। इससे पहले भी चुनावी माहौल के दौरान उसे जेल से बाहर आने की अनुमति मिली थी, हालांकि प्रशासन हर बार यह स्पष्ट करता रहा है कि पैरोल नियमों और कानूनी प्रक्रिया के तहत ही दी जाती है। पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद राम रहीम को दोबारा सुनारिया जेल में आत्मसमर्पण करना होगा।

# वेनेजुएला में अमेरिकी हमलों पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया
# कहा- बातचीत से हो विवाद का हल, हालात पर पैनी नजर



**नई दिल्ली:** वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य हमलों और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो तथा उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस की गिरफ्तारी के बाद भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया है। भारत सरकार ने कहा है कि वह वेनेजुएला में तेजी से बदलते हालात पर करीबी नजर बनाए हुए है। भारत का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी विशेष बलों ने रविवार तड़के वेनेजुएला की राजधानी कैराकस में एक योजनाबद्ध रात्रिकालीन हवाई अभियान के तहत राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और कूटनीतिक हलचल तेज कर दी है।

विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, भारत ने स्पष्ट किया है कि किसी भी देश में राजनीतिक संकट का समाधान सैन्य हस्तक्षेप से नहीं, बल्कि संवाद और शांतिपूर्ण तरीकों से होना चाहिए। भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने और ऐसे कदम उठाने से बचने की अपील की है, जिससे हालात और बिगड़ें। भारत ने यह भी दोहराया कि वह अंतरराष्ट्रीय कानून, देशों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों में गैर-हस्तक्षेप के सिद्धांतों का समर्थन करता है।

नई दिल्ली का मानना है कि वेनेजुएला की मौजूदा स्थिति का हल केवल बातचीत और कूटनीतिक प्रयासों से ही निकल सकता है। गौरतलब है कि अमेरिकी कार्रवाई के बाद दुनिया के कई देशों में प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कुछ देशों ने इस कदम का समर्थन किया है, जबकि भारत, चिली और रूस जैसे देशों ने इसे चिंताजनक बताते हुए शांति और संवाद पर जोर दिया है।

## ओडिशा के ढेंकनाल में पत्थर खदान में धमाका, कई मजदूरों की मौत की आशंका, राहत और बचाव कार्य जारी




**ढेंकनाल :** ओडिशा के ढेंकनाल में एक पत्थर खदान में धमाका हुआ है, जिसके चलते खदान में कई मजदूर फंस गए हैं। हादसे में कई मजदूरों के मारे जाने की आशंका है। मजदूरों को बचाने के लिए राहत और बचाव कार्य जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ढेंकनाल के गोपालपुर में अवैध पत्थर खदान में यह धमाका हुआ। हादसे में कई मजदूरों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। हालांकि अभी तक सरकारी अधिकारियों की तरफ से इसे लेकर कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

खदान में फंसे मजदूरों की कोशिश जारीः हादसा शनिवार देर रात का है। जैसे ही घटना के बारे में जानकारी हुई, स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर वहां लोगों की आवाजाही रोक दी गई है। अभी राहत और बचाव अधिकारी इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि खदान में कितने मजदूर फंसे हैं और उनकी क्या स्थिति है। शुरूआती जांच में पता चला है कि खदान में विस्फोट करने के लिए जरूरी मंजूरी नहीं ली गई थी और अवैध रूप से खनन किया जा रहा था। स्थानीय अग्निशमन दल, ओडिशा आपदा प्रबंधन दल की टीमों के साथ ही डॉग स्कवायड और विभिन्न उपकरणों के साथ बचाव दल खदान में फंसे मजदूरों को निकालने में जुटा है। ढेंकनाल के जिलाधिकारी और एसपी भी मौके पर मौजूद हैं।

नवीन पटनायक ने की जांच की मांगः विपक्ष के नेता और पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'ढेंकनाल में एक पत्थर खदान में धमाके के चलते मजदूरों के फंसने से दुखी हूं। पता चला है कि हादसे में मजदूरों की मौत हुई है। इस दुख की घड़ी में मैं पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं और हादसे में मारे गए लोगों के आत्मा की शांति की प्रार्थना करता हूं।' नवीन पटनायक ने हादसे की जांच कराने की मांग की। साथ ही सरकार से मजदूरों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने भी मांग की।

# परिवार के भीतर बातचीत से रुकेगा लव जिहाद, बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि परिवार के भीतर मजबूत संवाद के जरिए लव जिहाद जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। उनका कहना था कि जब घर में खुलकर और नियमित बातचीत होती है, तो ऐसी समस्याएं अपने आप कम होने लगती हैं। भोपाल के शिवनेरी भवन में आयोजित स्त्री शक्ति संवाद कार्यक्रम में उन्होंने यह विचार रखे।

मोहन भागवत ने कहा कि समाज को यह आत्ममंथन करना चाहिए कि किसी परिवार की बेटी किसी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में कैसे आ जाती है। उनके अनुसार, परिवार के सदस्यों के बीच संवाद की कमी और आपसी दूरी इस तरह की स्थितियों को जन्म देती है। उन्होंने कहा कि जब घर में निरंतर बातचीत का माहौल होता है, तो धर्म, संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान स्वाभाविक रूप से विकसित होता है। संघ प्रमुख ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तीन अहम बिंदुओं पर जोर दिया। पहला, परिवार के भीतर निरंतर और सकारात्मक संवाद। दूसरा, लड़कियों में सजगता, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना का विकास। तीसरा, इस तरह के अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक संगठनों और पूरे समाज को सजग रहकर सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराना होगा, तभी इसका स्थायी समाधान संभव है। महिलाओं की भूमिका पर बोलते हुए मोहन भागवत ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज की पहचान महिलाओं की स्थिति से होती है। उनके अनुसार, भारतीय संस्कृति, धर्म और सामाजिक व्यवस्था महिलाओं के योगदान से ही सुरक्षित और सुदृढ़ बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वह दौर अब पीछे छूट चुका है जब महिलाओं को केवल सुरक्षा के नाम पर घर तक सीमित रखा जाता था। आज पुरुष और महिलाएं मिलकर परिवार और समाज को आगे बढ़ा रहे हैं, इसलिए दोनों का जागरण जरूरी है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण, अवसरों की समानता और वैचारिक चेतना को समय की मांग बताया। भागवत ने कहा कि यह प्रक्रिया पहले से चल रही है और महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन इसे और मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। लिंग भेदभाव और उत्पीड़न के संदर्भ में उन्होंने कहा कि जहां पश्चिमी समाज में विवाह के बाद महिला की पहचान तय होती थी, वहीं भारतीय परंपरा में मातृत्व के माध्यम से महिला को उच्च स्थान दिया गया है। उनके अनुसार, मातृत्व भारतीय मूल्यों का केंद्रीय तत्व है।

संघ प्रमुख ने आधुनिकता के नाम पर अंधे पश्चिमीकरण की प्रवृत्ति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बचपन से बच्चों को कौन से संस्कार और मूल्य दिए जा रहे हैं, इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए सक्षम बनाना जरूरी है, क्योंकि भारतीय परंपराएं उन्हें सीमित नहीं करतीं, बल्कि सशक्त और विशिष्ट बनाती हैं। रानी लक्ष्मीबाई का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाओं ने हर युग में साहस और शक्ति का परिचय दिया है।

मोहन भागवत ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और देश इस भूमिका के लिए स्वयं को तैयार कर रहा है। देश की लगभग आधी आबादी महिलाएं हैं और बड़ी संख्या में महिलाएं समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, हालांकि अभी भी कई महिलाएं इस प्रक्रिया से नहीं जुड़ पाई हैं।

उन्होंने कहा कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है



## खेल के मैदान में जेन- जी को तिरंगा फहराते देख हमें गर्व होता हैः प्रधानमंत्री

**वाराणसीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि काशी के सांसद के नाते मेरी ओर से सभी खिलाड़ियों का स्वागत है। 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में आप कड़ी मेहनत से पहुंचे हैं। काशी के मैदान में आपकी कड़ी परीक्षा होगी। आप सभी लोग एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत करेंगे। बनारसी भाषा में कहा जाता है कि बनारस को जानना है तो बनारस आना होगा। यह खेल-प्रेमियों का शहर है; कुश्ती, नौका दौड़, मुक्केबाजी यहां मशहूर हैं। काशी ने कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस चैंपियनशिप के दौरान जोश हाई रहेगा। वॉलीबॉल साधारण खेल नहीं है, यह संतुलन का खेल है, संकल्प का खेल है। बॉल को हमेशा ऊपर ही उठाना होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं तो भारत की डेवलपमेंट स्टोरी और वॉलीबॉल को एक जैसा देखता हूं। टीम का को-ऑर्डिनेशन जरूरी होता है। टीम का हर सदस्य अपनी जिम्मेदारी निभाता है। देश के विकास में भी यही दिखाई पड़ता है। डिजिटल पेमेंट से लेकर हर क्षेत्र में ऐसी भावना दिखाई पड़ती है। जब देश विकास करता है तो यह आर्थिक मोर्चे तक सीमित नहीं रहता, बल्कि खेल के मैदान पर भी यही झलकता है।

## छात्रा ने थाने में खाया जहर, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप




**हजारीबागः** जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब पुलिस थाने पहुंची एक युवती ने जहर खा लिया। फिलहाल युवती का इलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

युवती ने पुलिस स्टेशन में खाया जहर : मामला जिले के महिला थाना का है। बताया जा रहा है कि एक युवती थाना पहुंची। युवती ने थाना प्रभारी से मुलाकात से पहले ही जहर खा लिया। आनन-फानन में युवती को अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। युवती की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि युवती एमएससी नर्सिंग की छात्रा है। वह रांची स्थित रिम्स में रहकर एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है।

मामले की जांच में जुटी पुलिस : युवती का कहना है कि युवती के प्रेमी ने लंबे समय तक लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद शादी का प्रलोभन देकर उसका यौन शोषण किया। बाद में आरोपी ने उसे छोड़ दिया। पिछले कुछ समय से युवती मानसिक तनाव से जूझ रही थी। वहीं, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### वेनेजुएला संकटः अमेरिका को तानाशाह किम जोंग की सीधी चेतावनी

# मेरे दोस्त मादुरो को तुरंत रिहा करो वरना...



**एजेंसी/नई दिल्लीः** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को घोषणा की कि अमेरिका ने वेनेजुएला पर हमला कर उसके लंबे समय से सत्ता में काबिज निरंकुश राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पद से हटा दिया है। 1989 में पनामा पर आक्रमण के बाद लैटिन अमेरिका में वाशिंगटन का यह सबसे सीधा हस्तक्षेप है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पोस्ट में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला और उसके नेता, राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ सफलतापूर्वक एक बड़ा हमला किया है। मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया गया है और देश से बाहर भेज दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम वेनेजुएला के लोगों के साथ अपनी एकजुटता की पुष्टि करते हैं और देश के राष्ट्रीय हितों और संप्रभुता की रक्षा के लिए उसके बोलिवेरियन नेतृत्व द्वारा अपनाए गए मार्ग के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हैं।

अमेरिका के हमले के बाद रूस, चीन भी हरकत में आ गया है। रूस की तरफ से बयान जारी किया गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका द्वारा की गई सशस्त्र आक्रामकता की निंदा की और संयम बरतने का आग्रह करते हुए राजधानी काराकास में तड़के हुए सिलसिलेवार विस्फोटों के बाद स्थिति को और बिगड़ने से रोकने की चेतावनी दी। वहीं चीन ने आपातकात मीटिंग बुलाई। इन सब के बीच नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन का भी बयान सामने आया है। किम जोंग उन ने अमेरिका को सीधी धमकी दे डाली है। उत्तर कोरियाई तानाशाह ने कहा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति को तुरंत रिहा किया जाए। इसके साथ ही अमेरिका को धमकाते हुए किम जोंग ने कहा कि ऐसा नहीं करने पर गंभीर वैश्विक परिणाम होंगे।

निकोलस मादुरो पर न्यूयॉर्क में मुकदमा चलेगाः अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने खुलासा किया कि गिरफ्तार वेनेजुएला के राष्ट्रपति पर न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में अभियोग लगाया जाएगा। मादुरो पर मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद की साजिश रचने, कोकीन आयात की साजिश रचने, मशीनगन और विनाशकारी उपकरण रखने और अमेरिका के खिलाफ मशीनगन और विनाशकारी उपकरण रखने की साजिश रचने के आरोप हैं। उन्हें जल्द ही अमेरिकी धरती पर अमेरिकी अदालतों में अमेरिकी न्याय के पूरे प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। पूरे अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से, मैं राष्ट्रपति ट्रम्प को अमेरिकी जनता की ओर से जवाबदेही की मांग करने का साहस दिखाने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, और हमारे बहादुर सैनिकों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इन दो कथित अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करों को पकड़ने के अविश्वसनीय और बेहद सफल अभियान को अंजाम दिया।

### चीन ने मादुरो की गिरफ्तारी पर अमेरिका को घेरा, की तत्काल रिहाई की मांग



**बीजिंगः** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिकी सेना के हिरासत में लिए जाने के बाद चीन ने इस सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए अमेरिका से मांग की है कि वह मादुरो दंपती को तत्काल रिहा करे। बीजिंग ने चेतावनी दी है कि किसी संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ बल का ऐसा प्रयोग अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में अमेरिका से वेनेजुएला की सरकार को अस्थिर करने की कोशिशें बंद करने और विवाद का समाधान बातचीत के जरिए निकालने का आग्रह किया गया है।

## समाचार सार



### जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाई गयी

**खूंटी:** मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी की जयंती के अवसर पर आज खूंटी के बाजार टांड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त आर. रॉनिटा ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के वंशज जयंत जयपाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

उपायुक्त आर. रॉनिटा ने अपने संबोधन में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के वैचारिक सिद्धांतों, साहसिक नेतृत्व और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि मारंग गोमके न केवल एक कुशल राजनीतिज्ञ थे, बल्कि खेल, शिक्षा और आदिवासी समाज के उत्थान के क्षेत्र में भी उनका योगदान अतुलनीय है। उनका जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

इसी क्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप द्वारा मारंग गोमके स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा जी के पैतृक गांव टकरा पहुंचकर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही टकरा गांव के मुख्य पथ पर स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

### जयपाल सिंह मुंडा व सावित्रीबाई फुले की मनाई गयी जयंती



**खलारी:** डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क डकरा में शनिवार को जयपाल सिंह मुंडा एवं सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले एवं जयपाल सिह मुंडा के कार्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन दोनों महानुभूतियों ने अपने कार्य से लोगों को प्रभावित किया। जहां सावित्री बाई फुले ने महिला एवं वंचितों के शिक्षा के लिए कार्य किया। उन्हें भारत की प्रथम महिला अध्यापिका मानना चाहिए जयपाल सिंह मुंडा के झारखंड से इंग्लैंड तक के सफर एवं उनके द्वारा 1928 में हॉकी में ओलम्पिक मेडल जीताने के साथ संविधान सभा में आदिवासी अधिकार की जोरदार वकालत की थी। इस अवसर पर कार्यकारिणी अध्यक्ष देवपाल मुंडा, अशरफी राम ,अमरलाल सतनामी ,राजदेव राम ,रामदेव राम ,नारद राम परीखा ,राम किशोर कुमार, कन्हाई पासी,संजय राम ,मुन्ना राम, जगदीश गंझु व कई लोग उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण व बाल विवाह को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



**गिद्धौर (चतरा):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा सचिव के निदेशानुसार प्रखंड के मंझगांवां पंचायत अंतर्गत कुबरी गांव में पर्यावरण संरक्षण एवं बाल विवाह पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकार मित्र सुरेश प्रसाद राणा के द्वारा पर्यावरण से होने वाले लाभ और पर्यावरण संरक्षण के बारे में विशेष जानकारी दी गई।वहीं पेड़ बचाओ जीवन बचेगा, हरित पृथ्वी स्वच्छ रहे, जीवन बचेगा तभी जब पृथ्वी पर पेड़ पौधा होगा,प्लास्टिक का उपयोग से बचे, लोगों को पेड़ लगाना एवं जंगल बचाने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही बाल विवाह पर जागरूक किया गया।उन्होंने बताया के विवाह के लिए लड़के का उम्र 21 व लड़कियों की उम्र 18 वर्ष होनी चाहिए, अगर कोई कम उम्र में शादी करता है या करवाता है दोनों दण्ड का भागीदारी होगा, साथ ही डीएलएसए का टोल फ्री नंबर 15100 पर सहायता प्राप्त करने की बात कही।

### घर में आग लगने से खाद्यान्न सहित अन्य सामान जलकर नष्ट



**गिद्धौर(चतरा):** प्रखंड मुख्यालय के एक घर में शनिवार को आग लग जाने से खाद्यान्न सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। बताया जाता है कि घर प्रखंड मुख्यालय के शूकर महतो के पुत्र संतोष दांगी का है। संतोष सह परिवार शनिवार की सुबह घर में ताला बंद कर कहीं घूमने चले गए थे।इस बीच करीब 11:30 बजे घर से धुआं निकलते किसी ग्रामीण ने देखा। इसके पश्चात शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण जब तक पहुंच पाते। तब तक घर में रखा चावल, गेहूं, धान,वस्त्र सहित अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। घर में आग लगने का कारण बोरसी की आग बताई जा रही है। स्थानीय युवक संतोष दास,दीपक कुमार, कार्तिक राना,मुकेश कुमार, संतोष निराला के सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शिवा यादव दलबल के साथ पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी लिया।

# मनरेगा को लेकर कांग्रेस का राज्यस्तरीय महासंग्राम, कल से होगा जन आंदोलन

संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस 5 जनवरी से राज्यव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान के तहत जन आंदोलन शुरू करेगी। इसकी जानकारी शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा कमजोर हो रहा है, जिससे ग्रामीण रोजगार और अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर मनरेगा बचाओ संग्राम को तीन चरणों में चलाया जाएगा। पहले चरण में 8 जनवरी को राज्य स्तर के कांग्रेस नेताओं की राज्य प्रभारी के साथ




तैयारी बैठक होगी। 10 जनवरी को जिला स्तर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस तथा 11 जनवरी को गांधी या अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय उपवास व धरना आयोजित किया जाएगा।

दूसरे चरण में 12 से 30 जनवरी तक पंचायत स्तर पर चौपाल, ग्राम प्रधानों, पूर्व ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों और मनरेगा कार्यकर्ताओं के बीच कांग्रेस अध्यक्ष व नेता विपक्ष के पत्र का वितरण, विधानसभा स्तरीय नुक्कड़ सभा और पंपलेट वितरण किया जाएगा। 30 जनवरी शहीद दिवस पर मनरेगा कार्यकर्ताओं और आंदोलनकारियों के साथ बैठक होगी। तीसरे चरण में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिला स्तरीय धरना, 7 से 15 फरवरी तक राज्य स्तरीय विधानसभा या लोक भवन घेराव तथा 16 से 25 फरवरी के बीच देशभर में क्षेत्रीय स्तर पर चार मनरेगा बचाओ रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

केशव महतो कमलेश ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलना ग्रामीण भारत पर हमला है। पहले योजनाओं का चयन गांव में होता था, अब केंद्र पंचायत और गांव का चुनाव करेगा, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन पैदा होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ थी, जिसे केंद्र सरकार कमजोर कर रही है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि भाजपा की सोच गांधीजी के सिद्धांतों के विपरीत है। नाम परिवर्तन भाजपा की मानसिकता को दशार्ता है और यह मजदूरों के साथ छलावा है। पूर्व वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण भारत का नक्शा बदला था, लेकिन नई व्यवस्था से गरीब राज्यों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, कमल ठाकुर और राजन वर्मा भी मौजूद थे।

## प्रारंभिक व मध्य विद्यालयों में सहायक आचार्य नियुक्ति को लेकर काउंसिलिंग कल



संवाददाता

**चतरा:** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्याझ13/2023 के आलोक में सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025 एवं ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 के निदेर्शानुसार झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर चयनित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है।इस आशय की जानकारी जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार ने जानकारी दी।उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5, पारा/गैर पारा कोटि) के कुल 19, स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8, पारा/गैर पारा कोटि, विषयझगणित एवं विज्ञान) के कुल 02, स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8, पारा/गैर पारा कोटि, विषय-भाषा) के कुल 02 तथा स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8, पारा/गैर पारा कोटि, विषय-सामाजिक विज्ञान) के कुल 01–अर्थात कुल 24 सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची तथा काउंसिलिंग हेतु तैयार जाँच-पत्रक जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने आगे बताया कि उक्त 24 अनुशंसित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 05 जनवरी 2026 को पूर्वाह्ण 10:30 बजे से अपराह्ण 03:00 बजे तक डीआरडीए हॉल, चतरा में आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया उपायुक्त द्वारा नामित नोडल पदाधिकारी अनुमण्डल पदाधिकारी मो जहूर आलम की निगरानी में संपन्न कराई जाएगी।काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे वेबसाइट पर उपलब्ध जाँच-पत्रक को अपनी हस्तलिपि में (जहाँ विहित हो) हिन्दी अथवा अंग्रेजी में भरकर उपस्थित हों। साथ ही आवेदन के समय संलग्न किए गए सभी संबंधित मूल प्रमाण-पत्र (शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक एवं अन्य), दो सेट स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति, तथा चार पासपोर्ट साइज श्वेत-श्याम फोटो (एक स्व-अभिप्रमाणित फोटो जाँच-पत्रक पर चिपकाकर एवं तीन अतिरिक्त प्रतियां) कवर फाइल (दो प्रति) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों को फोल्डर/फाइल के ऊपरी भाग में अपना नाम, पिता का नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या, कोटि एवं मोबाइल नंबर स्पष्ट एवं बड़े अक्षरों में अंकित करने का निर्देश दिया गया है।

काउंसिलिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय में गठित हेल्पलाइन प्रकोष्ठ के मोबाइल नंबर 7004065049 एवं 9973708001 पर संपर्क किया जा सकता है।

### कुपोषित बच्चों की माताओं को मिली बड़ी राहत

## अब नहीं लगाने होगें बैंक के चक्कर,हाथ में मिलेगी 'नकद' प्रोत्साहन राशि



संवाददाता

**चतरा:** जिले में कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को अब एक मानवीय स्पर्श मिला है। कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) में बच्चों का इलाज कराने आने वाली माताओं को दी जाने वाली 130 रुपये प्रतिदिन की प्रोत्साहन राशि अब उन्हें डिस्चार्ज के समय सीधे नकद दी जाएगी। दरअसल, पहले यह पैसा सीधे बैंक खाते में जाता था, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली माताओं को बैंक के चक्कर काटने और पैसे निकालने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उपायुक्त कीर्तिश्री ने माताओं की इस समस्या को समझते हुए नकद भुगतान के प्रावधान का अनुमोदन किया है। आज इसी कड़ी में तीन महिलाओं को केंद्र से डिस्चार्ज किया गया। नगवा की निशु कुमारी, प्रतापपुर सिजुआ की रेशमी देवी और बानसम की सुगिया देवी को डॉ. आशीष कुमार ने डिस्चार्ज के समय उनके हाथ में नकद राशि सौंपी। महिलाओं ने खुशी जताते हुए कहा कि अब उन्हें बैंक की कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा और वे घर जाते समय अपनी जरूरतों का सामान तुरंत खरीद सकेंगी।

# श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 359वें प्रकाशोत्सव पर निकली शोभा यात्रा





संवाददाता

**चतरा:** हंटरगंज प्रखंड के गुरु सिंह सभा केदली गुरुद्वारा में सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का 359 वां प्रकाश उत्सव काफी हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।जिसे लेकर शनिवार को भव्य नगर कीर्तन सह शोभायात्रा निकाली गई । शोभा यात्रा केदली गुरुद्वारा से निकल कर डुमरी गुरुद्वारा पहुंचा पुनः बाजार होते हुए केदली गुरुद्वारा पहुंचा शोभा यात्रा के दौरान सिख समुदाय के युवक युक्तियां के द्वारा सड़क की सफाई के साथ फूल बरसाया जा रहा था।शोभा यात्रा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था, गुरु गोविंद सिंह और उनके पुत्रों पंज प्यारे की शहादत से संबंधित कई झांकियां निकल गई हजूरी रागी जत्था तख्त श्री हरमंदिर साहिब प्रबंधन कमेटी पटना गतका अखाड़ा के सदस्यों ने एक से बढकर एक हैरतअंगेज करतब दिखाया। वहीं बैंड के सदस्यों के बैंड की धुन एवं परेड मुख्य आकर्षण रहा।श्री गुरु ग्रंथ साहिब के वाहन के आगे पंज प्यारों की टोलियां सतनाम वाहेगुरु जी का जाप कर रहे थे स्थानीय रागी जत्था गुरुवाणी का गायन करते हुए संगत चल रहे थे। नगर कीर्तन में संगत द्वारा जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल, वाहेगुरु जी के खालसा वाहेगुरु जी के फतेह के जयकारे लगाये जा रहे थे ।गुरुवाणी के गायन से वातावरण भक्तिमय बना रहा । पटना साहिब से आए धर्म प्रचारक श्री हरविंदर सिंह के दोबारा गुरु गोबिंद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाल रहे थे। वही रागी जत्था भाई ज्ञान सिंह और उनके साथियों के द्वारा शब्द गुरबाणी की जा रही थी। शोभायात्रा में शामिल शोभा यात्रा के लिए कई जगहो पर जलपान,चाय आदि का व्यवस्था किया गया। इसे सफल बनाने में प्रधान सरदार बलजीत सिंह, सचिव नंदकिशोर सिंह, उप प्रधान समरजीत सिंह, उप सचिव तखत सिंह, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह, सतपाल सिंह, मोहित सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, बाबा दीप सिंह, सेवा समिति, माता गुजरी जी सेवा समिति के सभी सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।वहीं सुरक्षा के दृष्टि से प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कश्यप, अंचल अधिकारी ऋतिक कुमार, थाना प्रभारी प्रभात कुमार, एसआई नितेश कुमार प्रसाद, भोला साव के अलावा कई पुलिस बल के तैनात की गई थी। शोभा यात्रा में सासाराम, पटना, गया, कोलकाता, धनबाद, दिल्ली, अमृतसर, जम्मू - कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, रांची, हजारीबाग के अलावा कई जगहो से संगत में शामिल हुए। हुए वहीं रविवार को प्रकाश उत्सव का समापन किया जाएगा। सांसद ,विधायक एवं कई वरीय पदाधिकारी शामिल होंगे और अटूट लंगर के साथ समापन किया जाएगा।

हरमू नदी की बदहाली पर एक्शन मोड में नगर निगम

# 150 कर्मियों के साथ शुरू किया विशेष सफाई अभियान

संवाददाता



**रांची:** राजधानी रांची की लाइफ लाइन मानी जाने वाली हरमू नदी की बदहाल स्थिति को लेकर आखिरकार रांची नगर निगम एक्शन मोड में आ गया है। नगर निगम की ओर से हरमू नदी में विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है, जिसमें करीब 150 सफाई कर्मियों को लगाया गया है। इसके साथ ही 20 ट्रैक्टर और कई जेसीबी मशीनों की मदद से नदी से गाद, प्लास्टिक, कचरा और अवैध रूप से फेंके गए मलबे को हटाया जा रहा है।

सुबह से ही सफाई कर्मी नदी के अलग-अलग हिस्सों में जुटकर लगातार कचरा निकालने का काम कर रहे हैं। नगर निगम की पूरी टीम हरमू नदी को दोबारा स्वच्छ और प्रवाहयुक्त बनाने में जुटी हुई है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार हरमू नदी में लंबे समय से गंदगी और कचरे का अंबार जमा था, जिससे जल प्रवाह बाधित हो रहा था। इसके कारण आसपास के इलाकों में दुर्गंध फैल रही थी और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सफाई कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान हरमू नदी किनारे बसे लोगों को भी जागरूक किया जाएगा, ताकि वे नदी में कचरा न फेंकें और स्वच्छता बनाए रखें। नगर निगम का कहना है कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं है, बल्कि आगे भी नियमित सफाई और निगरानी की जाएगी, ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। हरमू नदी के मुक्तिधाम पुल के पास भी नगर निगम की टीम सफाई कार्य में जुटी हुई है। यहां पुल के दोनों ओर जाली लगाने की योजना बनाई गई है, ताकि लोग सीधे नदी में कचरा न फेंक सकें। इसके अलावा नदी किनारे नोटिस बोर्ड भी लगाए जाएंगे।

नदी किनारे का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगाः नगर निगम अधिनियम के तहत कचरा फेंकने वालों पर जुमार्ना और कार्रवाई की जाएगी। सफाई कार्य पूरा होने के बाद नदी के दोनों किनारों पर नगर निगम की हॉर्ट्रीकल्चर टीम पौधारोपण करेगी। साथ ही नदी किनारे का सौंदर्यीकरण (ब्यूटीफिकेशन) भी किया जाएगा। नगर निगम की योजना नदी किनारे हुए अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाने, नदी में गिरने वाले नालों के गंदे पानी और कचरे पर रोक लगाने तथा बंद पड़े सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को फिर से चालू करने की भी है। नगर निगम का दावा है कि इन प्रयासों से हरमू नदी को उसकी पुरानी पहचान और स्वच्छता वापस दिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने नव वर्ष पर किया रांची शहर का भ्रमण

# सीएम ने धुर्वा डैम सहित अन्य पिकनिक स्पॉट का किया निरीक्षण

मेट्रो रेज



**रांची:** नये साल के आगाज पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची शहर का दौरा करते हुए धुर्वा डैम एवं अन्य पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की भौगोलिक स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने चाय की चुस्की के साथ रांची की हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य का भी आनंद लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि धुर्वा डैम क्षेत्र में पर्यटन को व्यवस्थित रूप से विकसित करने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा यह क्षेत्र रांची शहर के पर्यटन नक्शे का प्रमुख आकर्षण बनेगा। निरीक्षण के दौरान श्री सोरेन ने स्थानीय दुकानदारों एवं नागरिकों से उनकी समस्याएं सुनीं तथा सुझाव लिए।उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार जनसहभागिता के माध्यम से क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता देगी। मुख्यमंत्री ने कहा, धुर्वा डैम न केवल रांची का महत्वपूर्ण जल स्त्रोत है, बल्कि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं भी हैं। सरकार इन संभावनाओं को चरणबद्ध तरीके से विकसित करेगी। इसके उपरांत श्री सोरेन ने धुर्वा स्थित ज्यूडिशियल अकादमी, झारखंड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान की अधोसंरचना एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

इस मौके पर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, रांची जिला प्रशासन के पदाधिकारी, पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

## श्री रामकृष्ण सेवा संघ का कल्पतरु उत्सव 11 जनवरी को



**रांची:** सामाजिक-धार्मिक संस्था श्री रामकृष्ण सेवा संघ (आरकेएसएस) की ओर से निवारणपुर आश्रम में कल्पतरु उत्सव का आयोजन ग्यारह जनवरी (रविवार) को किया जाएगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आरकेएसएस के सभी सदस्यों को समारोह में शामिल होने की अपील की गई है।

इस संबंध में श्री रामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव तुषार कांति शीट ने बताया कि हर वर्ष संघ की ओर से निवारणपुर सेवाश्रम में कल्पतरु उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी धूमधाम से कल्पतरु उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। महोत्सव में श्रृद्धालुओं के बीच महाभोग प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा।

## राजद ने मनाया सावित्रीबाई फुले व जयपाल सिंह मुंडा की जयंती



**रांची:** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले एवं भारतीय आदिवासियों और झारखंड आंदोलन के एक सर्वोच्च नेता, जाने माने राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक, संपादक, शिक्षाविद् और 1925 में ऑक्सफोर्ड ब्ल का खिताब पाने वाले हॉकी के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाई गयी ।प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि सावित्रीबाई फुले नारी शक्ति की प्रतीक थी और नारी शक्ति करण की महान शांति की अग्रदूत बनी। नारी शक्ति करण का विषय अब क्रेन्द और राज्य सरकारी का मुख्य क्रेन्द बन गया है, इसका श्रेय भारत की पहली महिला शिक्षीका सावित्रीबाई फुले को जाता है आज इनकी जंयती पर राष्ट्रीय जनता दल इन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हैं। इस कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय, प्रदेश सचिव राम कुमार यादव, युवा राजद प्रधान महासचिव शौकत अली अंसारी, कमलेश कुमार, शबर फातमी चन्द शेखर भगत , फूलमनी होरो, शुभम ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## जरूरतमंद लोगों को दीजिए कंबल व गर्म कपड़े : गुलाम मुस्तफा



**रांची:** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी के तत्वावधान में मुख्य कार्यालय करबला टैंक रोड रांची में कई मोहल्ले के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल और गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर दूर-दूर से लोग कंबल लेने के लिए आए । भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि हमारे कई मोहल्ले में गरीबी बहुत ज्यादा है दूर-दूर से लोग गर्म कपड़े और कंबल लेने के लिए आ रहे हैं इस पर झारखंड सरकार को ध्यान देनी चाहिए इतनी ज्यादा ठंड पड़ रही है सभी जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करना चाहिए और गर्म कपड़े भी देने चाहिए। ना ही हम कुछ लेकर आए हैं ना ही हम इस दुनिया से कुछ लेकर जाएंगे जो अच्छा कार्य इंसान करेगा वही साथ में जाएगा। इसलिए ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद ,बीमार व गरीब लोगों को मदद कीजिए।

## कर्बला चौक पर 5 रुपये की मसालेदार चाय बनी लोगों की पहली पसंद



**रांची :** जैसे ही सर्दियों की शाम ढलती है, शहर के कर्बला चौक पर स्थित सैयद चाय दुकान पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। ठंड से राहत देने वाली मसालेदार चाय की खुशबू दूर-दूर तक फैल जाती है और राहगीर खुद को रोक नहीं पाते। सिर्फ 5 रुपये में मिलने वाली एक कप मसालेदार चाय स्वाद और गर्माहट का ऐसा संगम है कि लोग इसे अमृत तुल्य बता रहे हैं। कई चाय प्रेमियों का कहना है कि नामी दुकानों की महंगी चाय भी सयद चाय के सामने फीकी लगती है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले ग्राहक भी यहां की चाय के दीवाने हैं। शाम होते ही युवाओं, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग की मौजूदगी से कर्बला चौक एक छोटे मेले जैसा नजर आने लगता है। कम कीमत, बेहतरीन स्वाद और अपनापन– इन्हीं वजहों से सैयद चाय दुकान इस जाड़े में लोगों की पहली पसंद बन चुकी है और कर्बला चौक की पहचान के रूप में उभर रही है।

# जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर शुरू हुआ फुटबॉल प्रतियोगिता



**रांची:** मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर केन्द्रीय सरना समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता शुभारंभ हुआ। इस खेल का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय फुटबॉल मैदान में हुआ । केन्द्रीय सरना समिति द्वारा आयोजित मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर खुंटी विधायक राम सूर्य सिंह मुंडा, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी, कांके विधायक सुरेश बैठा,खरउअ अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, के द्वारा मैच का शुभारंभ की गई। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुमित सिंह, समाजसेवी शंकर दुबे, झारखंड पुलिस एसोसिएशन महामंत्री रमेश उरांव, आदिवासी मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो, कांके विधायक प्रतिनिधि विक्की करमाली,22 पड़हा समिति सदमा के अध्यक्ष बाबूलाल महली,समाजसेवी कमल ओड़िया, बिरसा विकास जन कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल उरांव, ज्योतिषी शशिकांत मिश्रा, आदि उपस्थित हुए। आज का पहला मैच दीपक ब्रदर्स बुढ़मू एवं लकड़ा ब्रदर्स फुटबॉल क्लब के साथ मुकाबला हुआ। जिसमें विजेता लकड़ा ब्रदर्स हुआ। दूसरा मैच मूटरु ब्रदर्स संग्रामपुर के साथ सतियारी टोली से मुकाबला होगा। जिसमें विजेता सतियारी टोली हुआ। दोनों विजेता टीम के साथ मुकाबला हुआ जिसमें प्लेंटी में सतयरि टोली 0/1 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में पहुंचा। आज पहला मैच मरंग ब्रो के साथ ए एस ब्रदर्स मांडर के बीच मुकाबला होगा। दूसरा मैच बांध गाड़ी एफसी और एनएच33एफसी के बीच मुकाबला होगा। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा प्रधान महासचिव अशोक मुंडा, महासचिव महादेव टोप्पो ,अमर टोप्पो, शशि टोप्पो, शंभू टोप्पो ,सागर राणा, संदीप मंडल, मुन्ना हेंब्रम, रवि सागर, पवन लोहार ,राजीव रंजन, सुनील केर-केट्टा, रमेश उरांव,शोभा कच्छप, किरण तिर्की, मुकेश मुंडा ,संतोष मुंडा आशीष मुंडा, महादेव मुंडा व उपस्थित थे।

## आरबी स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में मेगा सामुदायिक सेवा एवं सहायता शिविर कल से

**रातू (रांची):** आरबी स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल, हेथा, रातू के तत्वावधान में 5-6 जनवरी को दो दिवसीय मेगा कम्युनिटी सर्विस एंड असिस्टेंस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को एक ही छत के नीचे विभिन्न आवश्यक सरकारी, वित्तीय एवं नगर निगम से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

इस शिविर में नागरिकों को आधार अपडेट, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, निवास/डोमिसाइल प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पैन कार्ड/टीआईएन नंबर से संबंधित कार्यों की सुविधा दी जाएगी। वहीं ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रेड एवं शॉप लाइसेंस, फूड लाइसेंस, जीएसटी पंजीकरण, आयकर रिटर्न फाइलिंग एवं होल्डिंग टैक्स भुगतान जैसी सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। इसके अतिरिक्त शिविर में शिक्षा ऋण, स्टार्टअप बिजनेस लोन, मुद्रा लोन, गृह निर्माण ऋण, भूमि/दुकान खरीद ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड , पर्सनल एवं प्रोजेक्ट लोन, सीसी।/ओडी। लोन से संबंधित मार्गदर्शन एवं सहायता भी प्रदान की जाएगी।

## रांचीः रहस्यमयी तरीके से 6 व 7 साल के भाई-बहन लापता, तलाश में सहयोग की अपील



**रांची :** राजधानी रांची में दो मासूम बच्चे रहस्मय तरीके से गायब हो गए। धुर्वा थाना क्षेत्र के रहने वाले अंश (07 साल) और आंशिका 6 वर्ष शुक्रवार से गायब है। दोनों का कोई सुराग कही नहीं मिला है। आखिर में पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। जिससे उनकी कोई जानकारी मिले। लेकिन घटना के तीन दिन बाद भी दोनों बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आस पास के जिला में भी बच्चे की तस्वीर शेयर की गई है। जिससे उनकी कोई जानकारी मिल सके। बच्चे के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 2 बजे घर से बिस्किट लेने के लिए निकले थे। जिसके बाद वापस नहीं लौटे। अपने स्तर से काफी खोज बिन करने के बाद जब कोई जानकारी नहीं मिली तो फिर पुलिस को सूचना दी गई है। दोनों बच्चे के लापता होने से घर के लोग डर और दहशत के साए में है। आखिर दोनों कहा गए यह सोच कर माँ नीतू देवी बेहोश हो जा रही है। किसी अनहोनी की आशंका से पूरा परिवार डरा हुआ है। पुलिस ने गुहार लगा रहा है कि उनके बच्चे को सकुशल बरामद कर घर पहुंचा दे। दोनों बच्चों को आखरी बार लोगों ने शालीमार बाजार के पास देखा था। दोनों एक साथ ही थे। लेकिन इसके बाद वह किधर गए इसकी कोई जानकारी नहीं है। बच्चे की तलाश पुलिस कर रही है। रांची के सिटी एसपी पारस राणा खुद पूरे मामले पर नजर बनाए है। उन्होंने परिजनों को हिम्मद दी है कि दोनों बच्चे को वापस लाने के लिए पुलिस कोशिश कर रही है। उनकी पूरी टीम हर बिन्दु पर जांच कर रही है। जिससे दोनों बच्चे जल्द ही लौट जाए।

एक्वा वर्ल्ड रिलायंस कार्निवल का सातवां दिन

# प्राइड एंड एलिगेंस ट्रांसजेंडर फैशन शो का पहला आयोजन





- दिव्यांग बच्चों ने भी मॉडलों के साथ रैंप पर कैटवॉक कर अपना लोहा मनवाया
- बुलेट राजा सेल्फी कंपटीशन में लोगों ने तमंचा लहराते हुए बुलेट पर तस्वीर खींची

मेट्रो रेज

**रांची:** एक्वा वर्ल्ड द्वारा नव वर्ष के अवसर पर आठ दिवसीय नव वर्ष मेला रिलायंस कार्निवल 2026 में सातवें दिन का मुख्य आकर्षण ट्रांसजेंडर फैशन शो था। झारखंड में यह अपने तरह का पहला आयोजन था। एक्वा वर्ल्ड समूह के अध्यक्ष प्रतुल शाह देव ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य है कि समाज भी देख पाए कि आज के युग में ट्रांसजेंडर किसी से कम नहीं है।प्रतुल ने कहा कि आज ट्रांसजेंडर सभी जगह अपना योगदान देकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग दे रहे हैं। ट्रांसजेंडरों ने भी प्रोफेशनल मॉडल की तरह कैटवॉक किया। ट्रांसजेंडर मॉडल में जन्नत, मोना, माहिरा, रोशनी, आरोही, ब्यूटी,तृषा,सखिका थी।

इसके अतिरिक्त आज अरगोड़ा के कोशिश संस्था के दिव्यांग बच्चों का भी फैशन शो था। सरस की संचालिका दीपा चौधरी के निर्देशन में दिव्यांग बच्चों ने भी अपनी शारीरिक कमजोरी के बावजूद मॉडलों के साथ रैंप वॉक करके लोगों का दिल जीत लिया। सभी ट्रांसजेंडर और दिव्यांग मॉडलों को सम्मानित किया गया।

आज के विजेता

स्ट्रॉ नूडल्स चैलेंज : अभिराज गुप्ता, आयुष्मान वर्मा

क्लॉथस्पिन चैलेंज : युवराज सिंह, शिवराज सिंह

मिरर मैडनेस मैनिया : आरती एवं अभिराज

डांस व्हेन इट स्टॉप्स : काव्या, अंशिका, प्रिंसी,

बॉलीवुड वॉयस मिस्ट्री हंट : खुशबू

यसऑरनो प्रतियोगिता : श्रेष्ठ शर्मा एवं सृष्टि लकड़ा

बिंदी आर्ट चैलेंजः सुप्रिया लकड़ा, सृष्टि लकड़, उम्मे कुलसुम

ब्लाइंड ब्यूटी लिप बाम : सोनाली एवं काजल

क्वीन टग वॉरियर्स : प्रिंसी, प्रिया, सुरजमणि

बुलेट राजा : अलका चौधरी

सेल्फी प्रतियोगिता : स्निरु कुमारी

रिलायंस कार्निवल का समापन आजः 28 दिसंबर से चले रिलायंस कार्निवाल का रविवार 4 जनवरी की शाम 6:00 बजे समापन हो जाएगा समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा के सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा होंगे।अंतिम दिन भी कार्यक्रमों की धूम रहेगी। मुख्य कार्यक्रमों में दंगल टाइम, ड्रामा किंग, बॉलीवुड जूकबॉक्स, मिस्ट्री मसाला, भैंस के साथ सेल्फी, लड़कों का साड़ी पहनने का कंपटीश, चिप्स ईटिंग कंपटीशन, ग्रुप डांस कंपटीशन। अंतिम दिन का एक प्रमुख आकर्षण शादीशुदा महिलाओं के लिए मिसेज कार्निवल कंपटीशन भी होगा।

## जनहित कार्य व समस्याओं के निष्पादन को निरंतर संघर्षरत हैं पवन शंकर पांडे

विनय मिश्रा



**पश्चिम** सिंहभूम जिला के भाजपा नेता के रूप में अपनी दमदार पहचान और छवि रखने वाले पवन शंकर पांडे हमेशा जन समस्याओं के निराकरण तथा जन समस्या से संबंधित अधिकारी पदाधिकारी और विभाग तक पहुंचाने के लिए हमेशा निरंतर संघर्षरत है । इसी का यह सार्थक परिणाम है कि श्री पांडे की छवि लोकप्रिय समाज सेवी और प्रखर वक्ता औरजन नेता के रूप में भी है। श्री पांडे प्रतिदिन क्षेत्र का परिभ्रमण कर जन समस्याओं की जानकारी लेने के साथ-साथ उसके निष्पादन हेतु निरंतर जुटे रहते हैं लगभग 35 वर्षों से सक्रिय राजनीति में अपनी दमदार उपस्थिति और बेहतर छवि रखने वाले श्री पांडे का स्पष्ट मानना है कि जैन अपेक्षा के अनुरूप कार्यों को जन के पश्चात उसका निष्पादन हेतु प्रयास किया जाना लोगों की अपेक्षा और जनवाणी है इसलिए वह निरंतर क्षेत्र के समस्याओं की सुधि लेने के साथ-साथ उसके निराकरण हेतु भी गंभीर पहल और प्रयास करते हैं लोग भी अपनी समस्या और परेशानी को लेकर श्री पांडे से काफी आशा रखते हैं और समस्याओं का निराकरण से लोग संतुष्ट भी होते हैं ऐसे व्यक्ति से निश्चित तौर पर एक स्वस्थ संदेश के साथ-साथ यह विश्वास भी अटूट रूप से बनता है कि लोग समस्याओं के निराकरण हेतु जो उम्मीद और आशा रखते हैं उसमें श्री पांडे हमेशा अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं।

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर का स्थापना दिवस कल शामिल होगें वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर

**रांची:** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग रांची स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस 5 जनवरी 2026 को मनाया जाएगा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 5 जनवरी दिन सोमवार को अपराह्न 12 बजे से श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर श्री राधा रानी कृष्ण जी का भव्य अलौकिक श्रृंगार,भजन-कीर्तन, महाभोग प्रसाद का आयोजन किया गया है।

# अच्छा टेलीमार्केटर बनने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना चाहिए



**एक टेलीमार्केटर वह शख्स है जो कि फोन पर किसी उत्पाद या सेवा को बेचने के लिए जिम्मेदार होता है। टेलीमार्केटर्स प्राइवेट ऑफिस, कॉल सेंटर या घर से भी काम कर सकते हैं। चूंकि टेलीमार्केटर्स अपने ग्राहकों से फेस-टू-फेस नहीं मिलते हैं इसलिए अच्छी टेली मार्केटिंग स्किल होना बहुत जरूरी है। अच्छा टेलीमार्केटर बनने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना चाहिए**

जो आप बेच रहे हैं उसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें। आपको इस बात की अच्छी समझ होनी चाहिए कि यह क्या है, कैसे काम करता है और किस तरह से संभावित ग्राहकों के लिए उपयोगी है। इसके अलावा, जो आप बेच रहे हैं उसे लेकर आपमें विश्वास होना जरूरी है।

जिस कंपनी के लिए आप काम कर रहे हैं उसके बारे में पूरी जानकारी रखें। एक अच्छा टेलीमार्केटर केवल उत्पाद या सेवा नहीं बेचता बल्कि वह कंपनी का भी प्रतिनिधित्व करता है। आपको यह बताने योग्य होना चाहिए कि ग्राहकों को उनके प्रतिद्वंदियों की बजाए उन्हें क्यों चुनना चाहिए। कंपनी का इतिहास, उसकी सोच, मिशन, ग्राहकों के रिव्यूज और इंडस्ट्री रेटिंग्स पता होना चाहिए। आप यह समझें कि सेल्स प्रोसेस क्या है। इसमें क्लोजिंग पेपरवर्क, बिलिंग, शिपिंग, रिफंड/रिटर्न पॉलिसी, कस्टमर सर्पोट और उन्हें जरूरी फॉलोअप शामिल है। अपनी स्क्रिप्ट की प्रैक्टिस कर लें। जब तक आप इसमें सहज न हो जाएं इसे तेज पढ़े।

## कॉन्फिडेंस दिखाएं

एक अच्छा टेलीमार्केटर अधिकार से बोलता है जिससे ग्राहकों के दिमाग में बात अच्छे से चले जाती है। अगर आपकी तैयारी पूरी है तब आपको आपके कॉल करने और आपकी कंपनी के बारे में विश्वास के साथ बात करना चाहिए।

## प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स

धीरे लेकिन तेज और साफ बोले ताकि आपके कस्टमर को बात आसानी से समझ आ जाएं। बुदबुदाएं नहीं। अपना परिचय दें और बातचीत में जितनी जल्दी हो सके कॉल का मकसद बताएं। रूके और आगे बढ़ने के लिए उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार करें। बहुत ज्यादा या बहुत कम बोलने से बचे बल्कि संतुलित वार्तालाप करें। बहुत ज्यादा फिलर्स का उपयोग करने से बचें।

## सपाट न हो टोन

टेलीमार्केटिंग में स्क्रिप्ट्स बहुत आम बात है विशेषकर कॉल सेंटर के माहौल में। लेकिन यह संभव है कि आप उस तरह बोले कि ऐसा न लगे कि आप पेपर से पढ़कर बोल रहे हैं। धीरे-धीरे सांस लें और कॉल करने से पहले रिलेक्स हो जाएं।

## पॉजिटिव मेंटल एटिट्यूड

याद रखे कि कुछ लोग आपका कॉल एक्सपेक्ट नहीं कर रहे होंगे और इसके लिए ग्रहणशील न हो। इसमें कोई नई बात नहीं है कि आपकी बात में एक रूचि लेने वाले ग्राहक के पहले कई ग्राहक अच्छे टेलीमार्केटर को भी रिजेक्ट कर देंगे।



# दुबई में चाहिए नौकरी तो इन चीजों की तैयारी करना अभी से कर दें शुरू

**दुबई में नौकरी करने का सपना कई लोगों का होता है। हालांकि यहां नौकरी पाने के लिए आपको कुछ चीजों के बारे में जान लेना चाहिए।**

ज्यादातर लोग अपने करियर के किसी ना किसी पड़ाव पर विदेश जाकर नौकरी करने का सोचते हैं। विदेश में नौकरी करना कई लोगों का सपना होता है। खासकर भारत से दुबई जाने में ज्यादा खर्च नहीं आता है। यह भी एक कारण है जिसके वजह से लोग दुबई जाकर नौकरी करते है। अगर आप भी दुबई में नौकरी करने का प्लान कर रहे हैं तो इन चीजों के बारे में जान लें।

## अंग्रेजी सीख लें

अगर आपको दुबई में नौकरी करना है तो आपकी अंग्रेजी ठीक होनी चाहिए। अगर आपकी अंग्रेजी ठीक नहीं है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत हो सकती हैं। अगर आपकी अंग्रेजी ठीक है तो आपको आसानी से किसी भी पोस्ट की नौकरी मिल जाएगी।

## कम्युनिकेशन स्किल्स

आपको अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं। अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छा है तो आपको नौकरी मिलने में दिक्कत नहीं होगी। दुबई में अच्छी नौकरी के साथ आपको काफी अच्छा सैलरी भी दी जाती हैं।

### दुबई में नौकरी कैसे ढूंढें

- कई लोग को यह समझ नहीं आता है कि उन्हें दुबई में नौकरी की तलाश कैसे करनी हैं। अगर आपको दुबई में नौकरी चाहिए तो आपको LinkedIn की मदद से नौकरी की तलाश करना चाहिए।
- इसके अलावा आप चाहे तो Indeed की मदद से भी नौकरी मिल सकती हैं।
- जब तक आपको नौकरी नहीं मिलती हैं तब तक आप टूरिस्ट वीजा पर दुबई जाकर नौकरी की तलाश कर सकते हैं।



# युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर कारगर है बैचलर ऑफ वोकेशन डिग्री

**बैचलर ऑफ वोकेशन डिग्री उन युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर कारगर साबित होता है जो अच्छी नौकरी और बेहतर लाइफस्टाइल के नवीन अवसरों व स्किल्ड जॉब्स की तलाश में रहते हैं।**

सभी लोग एजुकेशन के बाद अच्छी नौकरी, वेतन और करियर के साथ बेहतर भविष्य चाहते हैं। इसके लिए छात्र देश से लेकर विदेश तक जाकर पढ़ाई भी जमकर करते हैं। क्योंकि जितनी अच्छी नौकरी होगी, उतना अच्छा जीवन होगा। अच्छे करियर के लिए ज्यादातर स्टूडेंट्स साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग या मैथमेटिक्स स्ट्रीम को चुनते है। इसकी एक सबसे बड़ी वजह है कन्वेंशनल इंजीनियरिंग डिग्री में सभी तरह के इम्पोर्टेन्ट अध्यन का न मिल पाना। इसी अपूर्ण को पूर्ण करने के लिए भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी अपने विभिन्न कोर्सो के माध्यम से स्टूडेंट्स को बीवोक कोर्स कराता है। जिस से सभी स्टूडेंट्स अपने स्किल को डेवलप कर अपना करियर बना सकें।

## क्या है बीवोक कोर्स

यह एक तीन साल का डिग्री कोर्स होता है, जिसे विभिन्न विषयों जैसे होटल मैनेजमेंट, मेटल कन्स्ट्रक्शन, उद्यमिता विकास, हेल्थकेयर में स्किल डेवलप कराया जाता है। इसका का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है और छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण के साथ विभिन्न आधुनिक क्षेत्रों में कार्य करने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करना है। इससे युवा अपने भीतर छिपे हुए हुनर को विकसित कर पाएंगे।

## बीवोक कोर्स करने की योग्यता

यह कोर्स आप 10वीं के बाद भी कर सकते हैं, बशर्ते आपको दसवीं के बाद 2 साल की आईटीआई का कोर्स करना होगा, उसके बाद आप वोकेशन कोर्स कर सकते है। वहीं अगर आप 12वीं के बाद करना चाहते हैं, लेकिन कुछ सब्जेक्ट्स के लिए आपकी स्ट्रीम उस सब्जेक्ट से संबंधित होनी चाहिए। वोकेशन कोर्स की एडमिशन हर साल होता है, इसके लिए आपको इंटर्नशिप एग्जाम देना आवश्यक है। इंटर्न्स एग्जाम पास होने वाले स्टूडेंट्स का ही एडमिशन लिया जाता है। इस कोर्स में 3 साल में 6 सेमेस्टर होते है और हर सेमेस्टर में आपका एग्जाम होता है तथा आपको हर सेमेस्टर में एग्जाम पास करने के बाद आपको सर्टिफिकेट दिया जाता है। अगर आप किसी कारणवश पहले साल में इस कोर्स को छोड़ देते है तो आपको डिप्लोमा का सर्टिफिकेट भी मिलता है। वहीं तीनों साल को पूरा करेंगे तो आपको ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त होगी।

## बीवोक कोर्स क्यों करें

आज के समय में छात्र अपनी स्किल डेवलप करने वाले कोर्स करने के लिए विदेश जाते हैं, क्योंकि वहां जो भी पढ़ाई होता है स्किल बेस्ड होता है। हमारे देश की सबसे बड़ी कमी है कि हम जो भी पढ़ाई करते हैं उसमें हमें जरूरी स्किल नहीं मिल पाता है। इस कमी को पूरा करने के लिए भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी अपने विभिन्न कोर्सेज के जरिए बच्चों को स्किल्ट्रेनिंग प्रदान करना चाहती है जिससे सभी विद्यार्थी एक बेहतर भविष्य के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो पाए।

## बीवोक कोर्स कैसे करे

आज का समय बीवोक कोर्स का है। क्योंकि एक समान होटल मैनेजमेंट या सामान्य इंजीनियरिंग की डिग्री इतनी वैल्यू नहीं रखती जितनी एक बीवोक डिग्री होती है। इसका कारण है, इसमें पढ़ाई के साथ-साथ आप स्किल्स भी सीख लेते हैं। इसमें आप विभिन्न सब्जेक्ट जैसे कि हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, आर्ट्स, कॉमर्स, डेयरी फार्मिंग कोर्स कर सकते हैं। वहीं टेक्निकल कोर्सेज जैसे मेडी कंस्ट्रक्शन और टेक्नीशियन जैसे कोर्स भी होते हैं। इसमें छात्रों को बेहतर ट्रेनिंग के लिए मशीन दी जाती है। हर छात्र काम की बारीकी को अच्छे से समझ सके इसके लिए स्विस ट्रेनर की निगरानी में हर छात्र को व्यक्तिगत तौर पर मशीन पर ट्रेनिंग दी जाती है। हर वर्ष छात्र को 6 महीने यूनिवर्सिटी में और बाकी 6 महीने इंडस्ट्री में ट्रेनिंग दी जाती है।

## बीवोक कोर्स के बाद सैलरी

सभी चाहते हैं कि पढ़ाई पूरी होने के बाद एक अच्छी सैलरी वाली नौकरी मिले। वोकेशनल कोर्स करने के बाद आप किसी भी कंपनी में फ्रेशर के तौर पर 20,000 से 30,000 से नौकरी शुरू कर सकते हैं। जिसके बाद आप अनुभव व अपने स्किल के साथ आगे बढ़ सकते हैं।



### मुख्य संस्थान

- एसएमएस, लखनऊ
- एचआईएमसीएस, मथुरा
- एचआईटीएस, चेन्नई
- जैन यूनिवर्सिटी, बंगलौर
- पारूल यूनिवर्सिटी



# आप भी बन सकते हैं बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफिसर

**इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन (आईबीपीएस) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में स्पेशलिस्ट ऑफिसर्स की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करता है।**

इस परीक्षा में चयनित होने वाले उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। फिर रिटन एग्जाम और इंटरव्यू में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार होती है। इस परीक्षा का प्रश्नपत्र 4 भागों में बंटा होता है: रीजनिंग, इंग्लिश लैंग्वेज, प्रोफेशनल नॉलेज तथा बैंकिंग के विशेष संदर्भ में जनरल अवेयरनेस (केवल लॉ ऑफिसर स्केल 1 व 2 तथा राजभाषा अधिकारी हेतु)/ क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड (अन्य सभी स्पेशलाइजेशंस हेतु)। चलिए, जानते हैं कि इन सेक्शंस में किस तरह अच्छा स्कोर किया जा सकता है।

## इंग्लिश लैंग्वेज

यह इस परीक्षा का सबसे स्कोरिंग सेक्शन है। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए ग्रामर तथा लैंग्वेज पर अच्छी पकड़ जरूरी होती है। आपके ग्रामर संबंधी कॉन्सेप्ट बिल्कुल स्पष्ट होने चाहिए। साथ ही आपकी वोकैब्युलरी भी मजबूत होनी चाहिए। इस सेक्शन में आम तौर पर पैसेज बेस्ड क्वेश्चन, कॉमन एरर इन सेंटेंस, रैपिड फिलर, क्लोज टेस्ट, एंटॉनिम्स एंड सिनॉनिम्स शामिल होते हैं।

## क्वॉन्टिटेटिव एप्टिट्यूड

इस सेक्शन के प्रश्नों को हल करने के लिए उम्मीदवार को परीक्षा में शामिल किए गए सभी टॉपिक्स के बेसिक कॉन्सेप्ट्स की जानकारी होनी चाहिए। इसके साथ ही इस सेक्शन में स्पीड भी महत्वपूर्ण होती है। ध्यान रहे, इस सेक्शन में कोई भी प्रश्न छोड़ें नहीं। इसकी तैयारी के दौरान किसी भी टाइप के प्रश्न को कम न आंकें। यह कभी नहीं कहा जा सकता कि किस साल किस टाइप के प्रश्नों को इस परीक्षा में ज्यादा महत्व मिल जाए। इसमें आम तौर पर नंबर सिस्टम, रेश्यो, प्रॉफिट-लॉस एंड डिस्काउंट, पर्सेंटेज, एवरेज, डेटा इंटरप्रिटेशन, टाइम एंड वर्क आदि से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया डेटा इंटरप्रिटेशन के प्रश्नों पर अधकि जोर देता है।

## रीजनिंग एप्टिट्यूड

रीजनिंग सेक्शन की तैयारी के लिए मानसिक सतर्कता और लॉजिकल स्किल जरूरी है। इस सेक्शन में पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति समझने के लिए मॉडल पेपर तथा पिछले वर्षों के पेपर हल करें। इसमें वर्बल एंड नॉन-वर्बल रीजनिंग के टॉपिक शामिल होते हैं, जैसे एनालॉजी, इनपुट-आउटपुट, क्लासिफिकेशन, इंफेरेंस आदि।

## प्रोफेशनल नॉलेज

यह आपको अपना कंफर्ट जोन लग सकता है क्योंकि इसमें आपकी स्ट्रीम या स्पेशलाइजेशन से संबंधति प्रश्न ही पूछे जाएंगे। यहां भी आपके बेसिक कॉन्सेप्ट क्लियर होने से आप फायदे में रहेंगे।

## जनरल अवेयरनेस

जनरल अवेयरनेस सेक्शन की तैयारी के लिए तो आपको लगातार समसामयिक घटनाओं से अपडेटेड रहना होगा। नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहें। साथ ही बैंकिंग संबंधी ताजा घटनाक्रम पर नजर रखें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### श्रम नियोजन एवं आईटीआई से संबंधित आयोजित समीक्षा बैठक

# योजनाओं - कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा व उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

**संवाददाता**



**दुमकाः** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में श्रम, नियोजन एवं आईटीआई से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों के प्लेसमेंट की स्थिति की भी समीक्षा की। श्रम विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने सभी प्रखंडों में तिथिवार व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ संगठित मजदूरों का पंजीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करने पर बल दिया, जहां से श्रमिक रोजगार की तलाश में बाहर जाते हैं। इन क्षेत्रों में विशेष कैम्प आयोजित कर पंजीकरण कराने का भी निर्देश दिया गया। नियोजन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री सिन्हा ने युवाओं के समुचित मार्गदर्शन के लिए नियमित रूप से कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया।

आईटीआई कॉलेजों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी प्राचार्यों को छात्रों के प्लेसमेंट पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु ठोस एवं प्रभावी पहल की जाए।

बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जनता दरबार के माध्यम से अपर समाहर्ता ने किया ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का समाधान

**संवाददाता**



**देवघरः** जिले के अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं सुनने के पश्चात अपर समाहर्ता श्री कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें।

## बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में पौष पूर्णिमा पर उमड़ी श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड,

**संवाददाता**



**बासुकीनाथ :** नववर्ष के पहले पूर्णिमा पौष पूर्णिमा शनिवार के दिन बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में लगभग साठ हजार श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। मंदिर प्रबंधन द्वारा लगभग चार बजे प्रातः बाबा मंदिर सहित अन्य मंदिरों का पट खोल दिया गया। कड़ाके के ठंड के बावजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिवगंगा सरोवर में आस्था का डुबकी लगाया और कतार में लगकर बाबा बासुकीनाथ मंदिर के गर्भगृह में स्पर्श पूजा कर अपने अपने परिजनों के सुख समृद्धि का आशीष मांगा। प्रत्येक पुर्णिमा को बासुकिनाथ आने वाले नियमित श्रद्धालुओं ने शिवगंगा से लेकर उत्तरी गेट तक दंड दिया। पौष पुर्णिमा को भागलपुर , मुंगेर,बांका,देवघर,गोड्डा जामताड़ा,जमुई के स्थानीय श्रद्धालुओं सहित अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं से विश्वप्रसिद्ध बाबा बासुकिनाथ का दरबार दिन भर पटा रहा। मन्दिर प्रबंधन द्वारा सभी आगंतुक श्रद्धालुओं को यादव धर्मशाला के आगे से कतार में लगाकर हाथी द्वार से मंदिर परिसर में प्रवेश देकर बाबा मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जलार्पण कराया गया। पौष पुर्णिमा के दिन उमड़ने वाले श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए शनिवार को भी मंदिर प्रबंधन द्वारा शीघ्रदर्शनम का कूपन भी उपलब्ध कराया गया था। कतार में लगकर पूजा नहीं करने वाले श्रद्धालु मंदिर कार्यालय से तीन सौ का शीघ्रदर्शनम का कूपन लेकर वी आई पी व्यवस्था के तहत शीघ्र पूजा अर्चना करते देखे गये। बासुकीनाथ मंदिर में इधर कई महीनों से आम श्रद्धालुओं को कथित वी आई पी श्रद्धालुओं और उनके वी आई पूजा करने को लेकर परेशान रहते हैं। जो आम श्रद्धालुओं के लंबी कतारों को देर तक रोककर मनमाने तरीके से बाबा मंदिर के गर्भगृह में पूजा करते हैं।

## अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का चैंपियन बना संत जेवियर स्कूल बी

### फाइनल मुकाबले में जवाहर नवोदय विद्यालय को 09 विकेट से हराया

**संवाददाता**




**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में शनिवार को संत जेवियर स्कूल बी बनाम नवोदय विद्यालय के बीच फाइनल मुकाबला हुआ।टॉस जीत कर संत जेवियर स्कूल बी ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नवोदय विद्यालय की टीम 21.5 ओवर में 134 रन बना कर ऑल आउट हो गई।प्रीतम रविदास ने 27,धीरज कुमार ने 27,साहिल राज ने 22 व आशीष कुमार ने 16 रन की पारी खेली। संत जेवियर बी के गेंदबाज अभिज्ञान ओझा ने 6,अमित राज ने 3 व आदित्य ज्ञान ने 1 विकेट लिया।जवाब में बल्लेबाजी करते हुए संत जेवियर स्कूल ने 16.3 ओवर में 01विकेट के नुकसान पर 138 रन बना कर 9 विकेट से जीत हासिल करते हुए टूर्नामेंट का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। आदित्य ज्ञान ने नाबाद 69,मो जुनैद परवेज ने नाबाद 29 व अमित राज ने 23 रन की पारी खेली। नवोदय के गेंदबाज मो इबकार ने 01 विकेट हासिल किया। मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व चंदन यादव ने किया। जबकि स्कोरिंग मो अनाउल्लाह ने की। संत जेवियर स्कूल बी के खिलाड़ी अभिज्ञान ओझा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डीडीसी सतीश चंद्रा व विशिष्ट अतिथि सदर एसडीओ अमर जॉन आइन्द ने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामना दी। इसके पूर्व जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।अतिथियों ने विजेता, उपविजेता व मैन ऑफ दी मैच संत जेवियर के खिलाड़ी अभिज्ञान ओझा, मैन ऑफ दी सीरीज अमित राज,बेस्ट बैट्समैन आदित्य ज्ञान व बेस्ट बॉलर सूरज राज को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया।वहीं सूर्या हेल्थ एजुकेशनल ट्रस्ट के निदेशक डॉ विजय व सह निदेशक डॉ सुमित की ओर से अंडर-16 खिलाड़ी मो जुनैद व आदित्य ज्ञान एवं अंडर-14 के खिलाड़ी ऋषभ राज को किट प्रदान करने की घोषणा की।

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने नारी मुक्ति दिवस के रूप में मनाई सावित्रीबाई फुले की जयंती

**संवाददाता**



**दुमकाः** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा, संताल परगना दुमका की ओर से भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती शनिवार को बन्दरजोरी चौक, दुमका में नारी मुक्ति दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष असीम कुमार मंडल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोर्चा के संरक्षक दिवाकर महतो ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में महिला शिक्षा की अलख जगाई, जब समाज में महिलाओं को पढ़ने-लिखने से वंचित रखा जाता था। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष कर नारी स्वतंत्रता की मजबूत नींव रखी। आज का दिन महिलाओं को उनके अधिकार और सम्मान के प्रति जागरूक करने का संदेश देता है। केंद्रीय अध्यक्ष असीम कुमार मंडल ने कहा कि सावित्रीबाई फुले केवल एक शिक्षिका नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति की प्रतीक थीं। उन्होंने शिक्षा को हथियार बनाकर शोषित-वंचित वर्गों और महिलाओं को आत्मसम्मान के साथ जीने की राह दिखाई। पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समानता के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा। मोर्चा के केंद्रीय प्रधान महासचिव डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि नारी मुक्ति का वास्तविक अर्थ तभी साकार होगा जब महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर मिलेगा। सावित्रीबाई फुले के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके संघर्ष से प्रेरणा लेकर सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण के लिए संगठित प्रयास करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने सावित्रीबाई फुले के आदर्शों को अपनाने और समाज में शिक्षा एवं समानता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष शिवनारायण दर्वे, महासचिव दयामय माजी, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार मांझी, सचिव सचिन कुशवाहा आदि पदाधिकारी गण शामिल हैं। कार्यक्रम में अरुण पंजीयारा, अशोक कुमार मंडल, बसंत कुमार, रामकृष्ण कुमार, असित कुशवाहा, प्रदीप बैध, मुकेश मंडल, चंचल बैध, गिरीश बैध, बैकुंठ शर्मा, बासुदेव मंडल, नंदन कुमार, गौतम कुमार, सुशील कापरी, रवींद्रनाथ मांझी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

## बीऐसके कालेज बरहरवा बनाम ऐफसी अमडापाडा के बीच जबरदस्त मुकाबला



**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहेटः**-प्रखंड अंतर्गत सिंगा मैदान में आदिवासी डेवलेपमेंट क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय गोस्वामी तथा झामुमो नेत्री सह जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर फुटबॉल को बारी बारी से किक मारकर किया गया। टूर्नामेंट के उदघाटन से पूर्व दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा पर जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू,जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय गोस्वामी व प्रो नजरुल इस्लाम ने माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित किया तथा उपस्थित अतिथियों, खिलाड़ियों और सभी कार्यकर्ता दर्शकों ने खड़े होकर राष्ट्रगान गाया। बताते चलें कि आज का प्रथम खेल बी ऐस के कालेज बरहरवा बनाम ऐफ सी अमडापाडा के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ जिसमें बी ऐस के कालेज दो एक से विजयी हुआ।

# सामाजिक चेतना की अग्रदूत थी सावित्रीबाई फुलेः डॉ. खिरोधर प्रसाद यादव

**संवाददाता**



**दुमकाः** संताल परगना महाविद्यालय, दुमका के हिंदी विभाग द्वारा शनिवार को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सावित्रीबाई फुले के शैक्षिक, सामाजिक एवं वैचारिक योगदान को स्मरण करते हुए शिक्षक की सामाजिक भूमिका पर विचार करना था कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. खिरोधर प्रसाद यादव ने की। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले केवल एक शिक्षिका नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक चेतना की अग्रदूत थीं। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक समानता और मानव गरिमा का आधार बनाया। आज के शिक्षक यदि उनके विचारों को आत्मसात करें तो शिक्षा अधिक मानवीय और समावेशी बन सकती है। कार्यक्रम का बीज वक्तव्य हिंदी विभाग के डॉ. यदुवंश यादव ने दिया। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा को वंचित वर्गों तक पहुँचाकर शिक्षक की भूमिका को सामाजिक परिवर्तन के वाहक के रूप में स्थापित किया। उनकी जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाना, पारंपरिक शिक्षक दिवस की अवधारणा को व्यापक सामाजिक संदर्भ प्रदान करता है। कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य पुष्पा सोरेन द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए सावित्रीबाई फुले के संघर्षमय जीवन और स्त्री शिक्षा के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे और सावित्रीबाई फुले को नारी सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय एवं शिक्षा की प्रेरणास्रोत बताया। अंत में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कुमार सौरभ ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. सुनील बेसरा, डॉ. सत्यम कुमार, डॉ.अमन राज, डॉ. सुजीत आर्या आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सावित्रीबाई फुले के

## पटेल सेवा संघ ने किया सावित्रीबाई फुले को नमन

**दुमका :** शहर के सरदार पटेल चौक पर पटेल सेवा संघ, शहीद सरदार भागवत राउत विचार मंच तथा सिविल सोसायटी दुमका के संयुक्त तत्वाधान में सावित्रीबाई फुले के 195वीं अवतरण दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पण का कार्यक्रम संघ के सचिव संदीप कुमार जय बमबम के संचालन में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बीके जयमाला देवी, वीके रेखा,विशिष्ट अतिथि दास कुमार एक्का,सहायक निदेशक उद्योग (रेशम)दुमका,केप्टन दिलीप झा, सिविल सोसायटी,दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,अरुण कुमार सिन्हा,भवानी शंकर प्रसाद,प्राचार्य प्लस टू जिला स्कूल महेंद्र राजहंस,संजय कुमार सिंह,निवास रजक,राम प्रवेश साह सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, विनोद कुमार राउत,गजेन्द्र कुमार, नंदकिशोर राउत,रवि कुमार गोलू,सत्यम यादव, अधिवक्ता मोहम्मद शमशाद अंसारी,अधिवक्ता रमेश कुमार गुप्ता के साथ वरीष पत्रकार गौतम कुमार उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पण किया और श्रद्धेय सावित्रीबाई फुले जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। सम्पूर्ण क्रान्ति सिर्फ हथियारों से नहीं आती है बल्कि शिक्षा भी वह हथियार है जिससे अज्ञानता, शोषण,दोहन, असमानता, गैरबराबरी और दासता के विरुद्ध संघर्षों का शंखनाद किया जाता रहा है। शिक्षा को हथियार बनाकर भारत में जिन लोगों ने अलख जगाने का काम किया है उनमें एक महत्वपूर्ण नाम सावित्रीबाई फूले जी का भी है। आध्यात्मिक भारत में महिला सशक्तिकरण और नारीवाद का इन्हें आदर्श माना जाता है। अपने पति ज्योतिबा फूले के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने वाली सावित्री ने शिक्षा को अधिकार बनाकर महिला मुक्ति और सशक्तिकरण के साथ-साथ दलितों, पिछड़ों,पीड़ितों,वंचितों और हाशिए पर खड़े लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए बड़े संघर्ष किए और इनके इन्हीं योगदानों के लिए आज हम श्रद्धा व सम्मान के साथ इनको नमन करते हैं।

### न्यूज IN ब्रीफ

## जिले के सभी थाने में अंचलाधिकारी के सहयोग से थाना दिवस का आयोजन



**साहिबगंज/उधवा :** जिले में लगातार बढ़ते भूमि विवादों पर रोक लगाने और जनता की समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से उपायुक्त के निदेशानुसार जिले के सभी थाने में अंचलाधिकारी के सहयोग से थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को राधानगर थाना में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस में कई फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद में थाना पहुंचे। अधिकारियों ने सभी मामलों को गंभीरता पूर्वक सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। कुछ मामलों को जांच हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया ताकि निष्पक्ष जांच के बाद त्वरित समाधान किया जा सके। थाना दिवस के दौरान कुल तीन मामले दर्ज किए गए, जिनमें दो मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इस दौरान थाना दिवस में बताया गया कि थाना दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं की त्वरित सुनवाई एवं निष्पादन करना है। विशेषकर भूमि विवादों को लेकर अब किसी को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस प्रशासन हर संभव समाधान के लिए तत्पर है। मौके पर अंचल निरीक्षक, उप निरीक्षक गुरुदास कर, मनोज पासवान समेत अन्य पुलिस कर्मी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 : सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना व सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना हैः मिथिलेश



**साहिबगंजः** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में साहिबगंज जिले के विभिन्न स्थलों पर वाहन चालकों के लिए निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य रूप से थाना चौक, सदर अस्पताल साहिबगंज एवं साहिबगंज बस स्टैंड सहित जिले के अन्य अस्पताल परिसरों में संचालित किया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। शिविर के दौरान वाहन चालकों का विजन टेस्ट, कलर एक्यूरेसी टेस्ट, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण आदि जांचें की गईं। जांच के उपरांत कई चालकों को निःशुल्क चश्मा एवं आवश्यक दवाइयाँ प्रदान की गईं। इस विशेष पहल का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि वाहन चालकों की दृष्टि स्वस्थ सुदृढ़ बनी रहे जिससे दृष्टिबाधा से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। साथ ही कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित हैंड बिल, बुकलेट एवं पंपलेट का भी वितरण किया गया, ताकि आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। कार्यक्रम में एमबीआई अभिषेक मुंडा एमबीआई कुमार उत्कर्ष, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पाराशर, आईटी सहायक राजहंस, सदर अस्पताल के नेत्र परीक्षण कर्मी ललिता मुर्मू, संतोष कुमार, डॉ. राजकुमार सहित बरहेट, बोरियो व राजमहल के स्वास्थ्यकर्मी संबंधित थाना प्रभारी अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सावित्री बाई फूले की 195वीं जयंती मनी



**साहिबगंजः** नगर क्षेत्र के दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन के प्रांगण में अंबेडकर संस्था की ओर से माता सावित्री बाई फूले की 195 वीं जयंती समारोह मनाया गया।इस अवसर पर ज्ञान की देवी माता सावित्री बाई फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कार्यक्रम संपन्न हुआ,माता सावित्री बाई फूले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका थी।जयंती समारोह पर माता सावित्री बाई फूले की जीवनी पर सभी ने अपना वक्तव्य दिया और चिंता जाहिर किया गया कि आज कल संविधान और संविधान निमार्ता बाबा साहब अंबेडकर का अपमान साजिश के तहत किया जा रहा है जो निंदनीय है।पूरे विश्व में बाबा साहब अंबेडकर को सम्मान मिल रहा है बाबा साहब अंबेडकर के विचारधाराओं को विदेशों के स्कूलों कालेजों में पढाया जा रहा है,ठीक विपरीत भारत में संविधान निमार्ता का अपमान कुछ शरारती लोगों द्वारा किया जा रहा है।जयंती समारोह के अवसर पर अनिल पासवान,शेखर पासवान,अनवर अली,अब्दुल सुभान,मंगल पासवान दारा पासवान दिनेश पासवान,सत्य प्रकाश,शंभू पासवान,बिष्णु पासवान,आशीष रतन लाल,नवल किशोर पासवान,संतोष कुमार,धनंजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## वैदिक मंत्रोच्चार व विधिवत पूजन के साथ मां गंगा की हुई आरती

**साहिबगंजः** बीते संध्या 5 बजे पौष शुक्ल पक्ष,पूर्णिमा तिथि के पुनीत अवसर पर साहिबगंज स्थानीय मुक्तेश्वर धाम,सीढ़ी घाट,गंगा तट पर प्रत्येक माह पूर्णिमा तिथि के तहत वर्ष 2011 से लगातार आज तक इस माह जनवरी 2026 में भी



मां गंगा सेवा समिति साहिबगंज झारखंड की ओर से पंडित धनेश तिवारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और मां गंगा का विधिवत पूजन कर भव्यता के साथ मां गंगा की आरती की गई।पूरा गंगा तट हर हर गंगे,जय मां गंगे,हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।तत्पश्चात भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरण की गई।इस अवसर पर मां गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय,शशि कुमार सुमन,जगनमय मिश्रा,सुरेश ओझा,अरविंद सिंह,संदीप अवस्थी,रोहित कुमार,राहुल पाठक व अन्य उपस्थित थे।

# प्रीमियर लीग 2025-26: बॉर्नमाउथ पर रोमांचक जीत के साथ आर्सेनल ने खिताबी दौड़ में बढ़त मजबूत की

एजेंसी



**बॉर्नमाउथ :** डेक्लान राइस के दो गोल की बदौलत आर्सेनल ने खराब शुरूआत से उबरते हुए शनिवार को बॉर्नमाउथ को उसके घरेलू मैदान पर 3-2 से मात दी और प्रीमियर लीग तालिका में शीर्ष पर अपनी बढ़त छह अंकों तक बढ़ा ली। चोट के कारण एस्टन विला के खिलाफ 4-1 की हार वाला मैच मिस करने के बाद वापसी कर रहे राइस ने दूसरे हाफ की शुरूआत में डोर्डे पेट्रोविच को छकाते हुए गोल कर आर्सेनल को बढ़त दिलाई। इसके बाद सब्स्टीट्यूट बुकायो साका के शानदार सेट-अप पर उन्होंने अपना दूसरा गोल दागा। हालांकि मुकाबले की शुरूआत आर्सेनल के लिए अच्छी नहीं रही। 10वें मिनट में डिफेंडर गैब्रियल की दुर्लभ गलती का बॉर्नमाउथ ने पूरा फायदा उठाया, जब उनकी गलत पास पर इवानिल्सन ने आसानी से गोल कर मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। लेकिन गैब्रियल ने छह मिनट बाद ही बराबरी का गोल कर अपनी गलती सुधार ली। राइस के दो गोल के बाद आर्सेनल मैच पर पकड़ बनाता दिख रहा था, लेकिन सब्स्टीट्यूट जूनियर क्रूपी ने डेविड राया को छकाते हुए गोल कर मुकाबले को फिर रोमांचक बना दिया। इसके बावजूद मिकेल आर्टेटा की टीम ने दबाव झेलते हुए लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आर्सेनल के 20 मैचों में 48 अंक हो गए हैं। एस्टन विला 42 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि एक मैच कम खेल चुका मैनचेस्टर सिटी 41 अंकों पर है। सिटी रविवार को चेल्सी के खिलाफ जीत के साथ अंतर चार अंकों तक कम करने की कोशिश करेगा। मैच में राइस का प्रदर्शन निर्णायक रहा। घुटने की चोट से उबरकर लौटे राइस ने मिडफील्ड में शानदार नियंत्रण दिखाया और 1 नवंबर के बाद अपने पहले लीग गोल किए। उनका पहला गोल कप्तान मार्टिन ओडेगार्ड के पास पर बॉक्स के बाहर से सटीक शॉट के जरिए आया। आर्सेनल की बेंच स्ट्रेंथ भी देखने लायक रही। आर्टेटा ने अंतिम 20 मिनट में लिएंड्रो ट्रोसार्ड, गैब्रियल जीसस और साका को मैदान में उतारा और साका की मौजूदगी ने ही राइस के दूसरे गोल की नींव रखी। वहीं बॉर्नमाउथ की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। टीम अब लगातार 11 लीग मैचों से जीत दर्ज नहीं कर सकी है और ट्रांसफर विंडो में फॉरवर्ड एंटोनी सेमेन्यो के जाने की भी संभावना जताई जा रही है। मैनचेस्टर सिटी से जुड़े सेमेन्यो ने अंतिम सीटी के बाद प्रशंसकों की ओर हाथ हिलाया और सुरंग की ओर बढ़ गए। तालिका में लंबे समय से शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने एक बार फिर दिखा दिया कि इस सीजन वह दबाव में भी जीत निकालने की क्षमता रखता है और 2004 के बाद पहली बार खिताब जीतने की उसकी दावेदारी बेहद मजबूत है।

# पीडब्ल्यूएल नीलामी में महिला पहलवानों का दबदबा, युई सुसाकी पर रिकॉर्ड बोली

### हरियाणा थंडर्स ने 60 लाख रुपये में किया शामिल, अंतिम पंघाल को यूपी डोमिनेटर्स ने 52 लाख में खरीदा

एजेंसी



**नई दिल्ली :** प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 की खिलाड़ी नीलामी में महिला पहलवानों ने जबरदस्त छाप छोड़ी। इस नीलामी की सबसे बड़ी आकर्षण रहीं जापान की स्टार पहलवान और टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता युई सुसाकी, जिन्हें हरियाणा थंडर्स ने रिकॉर्ड 60 लाख रुपये की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा। यह अब तक की पीडब्ल्यूएल नीलामी में किसी महिला पहलवान के लिए सबसे बड़ी राशि है। महिलाओं की 53 किग्रा भार वर्ग में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता भारत की अंतिम पंघाल को यूपी डोमिनेटर्स ने 52 लाख रुपये में खरीदा। वहीं, महिलाओं की 62 किग्रा श्रेणी में प्यूर्टो रिको की एना गोडिनेज को पंजाब रॉयल्स ने 46 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। इसके अलावा दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने महिलाओं की 76 किग्रा श्रेणी में अजरबैजान की अनास्तासिया अलपायेवा को 27 लाख रुपये में खरीदा। नीलामी में कैटेगरी ए+ (मार्की) के सभी पहलवानों की बेस प्राइस 18 लाख रुपये रखी गई थी, लेकिन कई खिलाड़ियों पर बोली इससे कहीं अधिक गई। पुरुष वर्ग में भी बड़े सौदे देखने को मिले, जहां पोलैंड के रॉबर्ट बारन को महाराष्ट्र केसरी ने 55 लाख रुपये में खरीदा। वहीं, पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत को टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल ने 51 लाख रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बनाया। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने अजरबैजान के तुरान बायरामोव को जोड़ा, जबकि यूपी डोमिनेटर्स ने मिखाइलोव वासिल और आर्मन आंद्रेएस्यान को टीम में शामिल कर अपनी मजबूती बढ़ाई। पीडब्ल्यूएल 2026 की नीलामी प्रक्रिया अभी जारी है। खिलाड़ियों को चार श्रेणियों – ए+ (मार्की), ए, बी और सी – में बांटा गया है, जिनकी बेस प्राइस क्रमशः 18 लाख, 12 लाख, 8 लाख और 3 लाख रुपये तय की गई है। लीग का कुल पर्स 12 करोड़ रुपये का है, जिसमें छह फ्रेंचाइज़ियों को 2-2 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। टीमें नौ भार वर्गों (पांच पुरुष और चार महिला) में प्रतिस्पर्धा करेंगी। हर टीम को 9 से 12 पहलवानों का स्क्वॉड बनाना होगा, जिसमें चार विदेशी खिलाड़ी (दो पुरुष और दो महिला) शामिल होना अनिवार्य है। इसके साथ ही प्रत्येक टीम में कम से कम एक कैटेगरी सी का पहलवान होना जरूरी होगा। आने वाले राउंड्स में नीलामी और तेज होने की उम्मीद है, जहां फ्रेंचाइज़ियां पीडब्ल्यूएल 2026 के लिए अपनी टीमों को अंतिम रूप देंगी।

# 'क्योंकि सास...' फेम अपरा मेहता की टीवी पर वापसी



कमबैक पर बोलीं- डेली शो करने को लेकर थोड़ी दुविधा में थी

हाल ही में टीवी की चर्चित अभिनेत्री अपरा मेहता ने डिजिटल से अपने नए सीरियल 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' को लेकर लंबी बातचीत की। वह इस सीरियल में कैसा किरदार निभा रही हैं? खुद इस किरदार से कितना रिलेट करती हैं? साथ ही अपने हिट और पुराने सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को लेकर भी वह कई बातें साझा करती हैं।

मैंने अपने इतने लंबे करियर में लगभग हर चैनल के साथ काम किया है। यहां तक कि ऐसे चैनल्स के साथ भी जो आज बंद हो चुके हैं। लेकिन इस चैनल के साथ मेरा ये पहला अनुभव है। जब मुझे 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' सीरियल का कॉन्सेप्ट सुनाया गया, मेरे किरदार के बारे में बताया गया, तभी मुझे महसूस हुआ कि ये रोल करना चाहिए। मैं खुद कंफ्यूज थी कि डेली सीरियल करूं या नहीं। आजकल वेब प्लेटफॉर्म पर भी अच्छा काम हो रहा है। लेकिन जैसे ही मैंने इस सीरियल की कहानी गहराई समझी, तो मुझे लगा कि ये फैसला सही है। इस मौके को छोड़ना नहीं चाहिए।

# प्रोफेशनल रेसलिंग लीग ने पांचवें सीजन से पहले फ्रेंचाइज्जी और स्वामित्व संरचना की घोषणा की

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से मान्यता प्राप्त फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता प्रोफेशनल रेसलिंग लीग (पीडब्लूएल) ने अपने आगामी पांचवें सीजन के लिए छह फ्रेंचाइजियों और उनकी स्वामित्व संरचना की औपचारिक घोषणा कर दी है। यह लीग जनवरी 2026 में एक नए स्वरूप और मजबूत ढांचे के साथ वापसी करने जा रही है। घोषित फ्रेंचाइजियों में दिल्ली डेंगल वॉरियर्स (ईजमाईट्रिप), हरियाणा थंडर्स (विकास परासरमपुरिया), टाइगर्स ऑफ मुंबई डेंगल्स (एस्पेक्ट ग्रुप एवं एपको ग्रुप), महाराष्ट्र केसरी (संराज ग्रुप), पंजाब रॉयल्स (सीडीआर ग्रुप) और यूपी डॉमिनेटर्स (रूबिक्स रियल्टी) शामिल हैं। ये टीमें देश के उन राज्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां कुश्ती की मजबूत परंपरा और प्रतिभा का समृद्ध आधार मौजूद है। पीडब्लूएल के सीईओ अखिल गुप्ता ने कहा कि पांचवां सीजन लीग के विकास में एक अहम पड़ाव साबित होगा। मजबूत और विविध स्वामित्व समूहों के साथ लीग पेशेवरता, संरचित खिलाड़ी विकास और दीर्घकालिक स्थिरता की दिशा में आगे बढ़ रही है। उनका मानना है कि यह ढांचा भारतीय कुश्ती को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने में सहायक होगा। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पीछे अनुभवी कारोबारी समूह और उद्योग जगत की जानी-मानी हस्तियां जुड़ी हैं, जो खेल प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, तकनीक और जमीनी स्तर के विकास में विशेषज्ञता रखती हैं। इससे लीग को न केवल व्यावसायिक मजबूती मिलेगी,

# अक्षय कुमार के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी मुखर्जी

**बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं।**

**बॉलीवुड** की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसी साल शुरू होगी शूटिंग

रिपोर्ट के मुताबिक बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है। पहले और दूसरे भाग की तरह इस बार भी निर्देशन की कमान अमित राय संभाल रहे हैं, जिन्होंने पिछली फिल्म में सामाजिक मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से पेश कर दर्शकों और समीक्षकों की सराहना बटोरी थी।

### यामी गौतम ने याद किया थिएटर का पहला अनुभव

# 'मैं तुम्हारा गला काट दूंगी'

**बॉलीवुड** अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'हक' की सफलता का जश्न मना रही हैं। इस बीच यामी ने बात करते हुए अपने शुरुआती दिनों के थिएटर अनुभव को याद किया और बताया कि उन्होंने एक डायलॉग को इतने अजीब तरीके से बोला था कि वहां मौजूद लोग हंस-हंसकर लोटपोट हो गए थे। बात करते हुए यामी ने कहा, ''जब मैं स्कूल में थिएटर सीख रही थी, तब वहां एक नया टीचर आया था। थिएटर बस शुरू हो रहा था और हर छात्र को अपनी लाइन अलग अंदाज में बोलनी थी। मुझे याद है कि मेरा एक डायलॉग था, 'चुप रहो, छोटे शैतान, वरना मैं तुम्हारा गला काट दूंगी', ये लाइन मैंने इतनी अजीब तरीके से कही कि सभी लोग हंस-हंसकर लोटपोट हो गए।''

उन्होंने बताया, 'इसके बाद टीचर ने मजाकिया अंदाज में मुझसे कहा कि 'तुम तो किसी गली के आदमी की तरह बोल रही हो', मैंने कहा, 'मुझे नहीं पता मैं कैसे करूं, लेकिन एक बात अच्छी है कि कम से कम आपको मेरी लाइनें तो याद हैं। यामी ने अभिनय और निर्देशक के बीच के संबंध पर भी बात की। उन्होंने कहा, ''निर्देशक कहानी की दिशा तय करता है और अभिनेता उनके विजन को स्क्रीन पर दिखाता है। एक ही किरदार को एक अभिनेता कई अलग-अलग तरीकों से निभा सकता है, और इनमें से कोई तरीका गलत या सही नहीं होता। लेकिन स्क्रीन पर जो दिखता है, वह हमेशा निर्देशक के विजन का हिस्सा होता है। यह कलाकार और निर्देशक के बीच की रचनात्मक साझेदारी को दिखाता है। उन्होंने कहा, ''अभिनय केवल डायलॉग बोलने तक सीमित नहीं है। यह किरदार की भावनाओं, मानसिकता और कहानी की दिशा को समझने का तरीका है। जब निर्देशक सही दिशा दिखाते हैं, तो अभिनेता को अपने अनुभव और प्रतिभा का इस्तेमाल कर कहानी को और प्रभावशाली बनाना होता है। निर्देशक और अभिनेता का तालमेल ही किसी फिल्म को सफल बनाता है।''



### 43 साल के करियर में अनुपम खेर की 550वीं फिल्म की शूटिंग शुरू

3 जून 1981 को एक ऐसे शख्स ने मुंबई में कदम रखा, जो आज हिंदी सिनेमा की बड़ी पहचान बन चुका है। हम बात कर रहे हैं अनुपम खेर की, जिन्होंने अपने 43 साल के करियर में 550वीं फिल्म के आंकड़े को छू लिया है और अपने इतने लंबे करियर में उन्होंने कई तरह के उतार-चढ़ाव भी देखे। अब उन्होंने 550वीं फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और इसका श्रेय अपने चाहने वालों को दिया है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने 1982 में आई फिल्म 'आगमन' में छोटा सा किरदार निभाकर अपने करियर की शुरुआत की थी, लेकिन 1984 में आई फिल्म 'सारांश' से उन्हें बड़ा ब्रेक मिला। किसे पता था कि 'सारांश' से सराहना पाने वाले अनुपम खेर हिंदी सिनेमा पर राज करेंगे? अब साल 2025 में अभिनेता ने अपनी 550वीं फिल्म 'खोसला का घोसला-2' की शूटिंग शुरू कर दी है, जो उनके जीवन और करियर की बड़ी उपलब्धि है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट शेयर किया है।जब मैं 3 जून 1981 को सपनों के शहर मुंबई पहुंचा था, तब मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं 550 फिल्मों का यह मुकाम हासिल करूंगा। लेकिन आज मैं दिल्ली में केकेजी-2 के लिए अपना पहला शॉट देने को तैयार हूं।

### सिंगर स्टेबिन बेन ने

# रोमांटिक अंदाज में किया नूपुर सेनन को प्रपोज

### जल्द करने वाले हैं शादी



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन के लिए आज का दिन बेहद खास है क्योंकि उनके लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड गायक स्टेबिन बेन, ने उन्हें स्पेशल तरीके से प्रपोज कर दिया है। इस खूबसूरत पल की तस्वीरें नूपुर सेनन ने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं और बॉलीवुड स्टार्स के साथ-साथ फैंस भी उन्हें दिल खोलकर बधाई दे रहे हैं। अभिनेत्री और गायिका नूपुर सेनन ने सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज पोस्ट की हैं। फोटोज में स्टेबिन बेन, घुटनों पर बैठकर बड़ी डायमंड की रिंग के साथ उन्हें शादी के लिए प्रपोज कर रहे हैं।

अभिनेत्री ने अपनी बड़ी डायमंड रिंग दिखाते हुए शादी के लिए हां भी कर दी है। स्टेबिन बेन ने नूपुर को विदेश में रोमांटिक तरीके से पानी के बीचोंबीच एक नाव पर ढेर सारे लाल गुलाब के साथ प्रपोज किया है। नूपुर ने कैप्शन में लिखा, संभावनाओं से भरी इस दुनिया में, मुझे अब तक का सबसे आसान हां कहने का अनुभव मिला। रोमांटिक पोस्ट सामने आने के बाद बॉलीवुड सेलेब्स भी नुपूर को बधाई दे रहे हैं। टीवी स्टार करण टेकर, अभिषेक बजाज, जहीर खान, अश्विन माल्वे, और अभिषेक कपूर जैसे स्टार्स अभिनेत्री के पोस्ट पर हार्ट इमोजी भेज रहे हैं। बता दें कि बीते साल दिसंबर से ही नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन की शादी की खबरें आ रही हैं।

परिवार ने दोनों की शादी को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जनवरी के महीने में भी दोनों की शादी हो सकती है। कृति भी अपनी फिल्म कॉकटेल-2 की शूटिंग पूरी कर वापस आ चुकी हैं और वे अपनी बहन की शादी की शॉपिंग में बिजी हैं। बताया जा रहा है कि दोनों की शादी उदयपुर के एक पैलेस में होगी। साल 2021-2022 में नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन को बहुत बार एक साथ स्पॉट किया गया था, जिसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की खबरें आने लगी थीं, लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते पर बात नहीं की, बल्कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त



# अनुष्का शर्मा के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आएंगे रणवीर सिंह

**बॉलीवुड** में बड़ी स्क्रीन पर कुछ जोड़ियां ऐसी होती है जिन्हें साथ में काफी पसंद किया जाता है। ऐसी ही एक जोड़ी है रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की, जिन्होंने 'बैंड बाजा बारात' और 'दिल धड़कने दो' जैसी फिल्मों में एक साथ काम किया है। अब ये जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर दस्तक देने जा रही है लेकिन मामले में थोड़ा ट्विस्ट है।

### 'बैंड बाजा बारात' फिर से हो रही रिलीज

दरअसल ये जोड़ी एक बार फिर फैंस को एंटरटेन करते हुए नजर आएगी लेकिन ये कोई नई फिल्म में नहीं बल्कि पुरानी फिल्म में ही नजर आएंगे। अब इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात' का नाम भी जुड़ गया है।

ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था।

### 16 साल बाद फिर से दिखाई जाएगी फिल्म

साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।

## वेनेजुएला संकटः अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और मादुरो की गिरफ्तारी, ट्रम्प बोले-

# जब तक हालात नहीं सुधरते अमेरिका संभालेगा देश

एजेंसी

**वॉशिंगटन/कराकस/नई दिल्ली :** वेनेजुएला में हालात बेहद गंभीर और असाधारण मोड़ पर पहुंच गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका ने एक बड़े सैन्य ऑपरेशन के जरिए वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर लिया है और फिलहाल वेनेजुएला पर अमेरिका का नियंत्रण है। ट्रम्प के अनुसार, जब तक वहां राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, तब तक वेनेजुएला की जिम्मेदारी अमेरिका ही संभालेगा। ट्रम्प ने वेनेजुएला ऑपरेशन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से सुनियोजित थी और इसमें अमेरिका की सैन्य ताकत का अभूतपूर्व प्रदर्शन देखने को मिला। उन्होंने कहा कि सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद इस स्तर का सैन्य अभियान शायद ही किसी देश ने अंजाम दिया हो। ट्रम्प ने अमेरिकी सैनिकों की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि ऐसी बहादुरी, गति और सटीकता दुनिया का कोई और देश नहीं दिखा सकता। अमेरिका के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने बताया कि मादुरो को पकड़ने



के इस ऑपरेशन में 150 से ज्यादा विमान शामिल थे। यह कार्रवाई हवा, जमीन और समुद्र–तीनों मोर्चों से की गई। ट्रम्प के अनुसार, ऑपरेशन इतना सफल रहा कि पहले हमले के बाद किसी दूसरे बड़े हमले की जरूरत नहीं पड़ी, हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि अगर भविष्य में हालात बिगड़े तो अमेरिका दोबारा कार्रवाई के लिए तैयार है।

**चार शहरों हमला, मादुरो की गिरफ्तारी**

इससे पहले अमेरिका ने बीती रात करीब 2 बजे (भारतीय समयानुसार शनिवार सुबह 11:30 बजे) वेनेजुएला के चार शहरों पर एकसाथ सैन्य हमला किया। बताया गया कि उस समय राष्ट्रपति निकोलस मादुरो एक मिलिट्री बेस में सो रहे थे। अमेरिकी हमले के बाद मादुरो ने बयान जारी कर जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी और पूरे देश में इमरजेंसी लगाने का ऐलान किया। हालांकि, उनके बयान के करीब एक घंटे बाद ही ट्रम्प ने मादुरो को पकड़ लिए जाने की घोषणा कर दी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि वेनेजुएला का अगला नेता कौन होगा। उन्होंने दो टूक कहा कि अमेरिका यह नहीं चाहता कि मादुरो सरकार किसी नए चेहरे के जरिए दोबारा सत्ता में लौटे और पुरानी व्यवस्था को जारी रखा जाए। जब तक सत्ता का सही और स्थिर तरीके से हस्तांतरण नहीं हो जाता, तब तक अमेरिका वेनेजुएला की जिम्मेदारी अपने हाथ में रखेगा।

**तेल और ऊर्जा बने अहम मुद्दा**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रम्प से सवाल किया गया कि दक्षिण अमेरिका के एक देश में सैन्य दखल उनके ह्यअमेरिका फर्स्टह्ल नारे से कैसे मेल खाता है। इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा कि यह पूरी तरह से अमेरिका फर्स्ट नीति के अनुरूप है, क्योंकि अमेरिका अपने आसपास स्थिर और सुरक्षित पड़ोसी चाहता है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला में तेल और ऊर्जा के बड़े संसाधन हैं, जो अमेरिका और पूरी दुनिया के लिए बेहद जरूरी हैं। अमेरिका चाहता है कि इन संसाधनों को सुरक्षित रखा जाए और उनका सही इस्तेमाल हो।

**अमेरिकी रक्षा मंत्री का बयान**

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी इस कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि मादुरो सरकार को पहले ही चेतावनी दी गई थी। उनके अनुसार, लापरवाही और चेतावनियों को नजरअंदाज करने की कीमत मादुरो सरकार को चुकानी पड़ी।

**भारत की एडवाइजरी**

वेनेजुएला में तेजी से बदलते हालात को देखते हुए भारत सरकार ने भी सतर्कता बरती है। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को वेनेजुएला की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। साथ ही, जो भारतीय नागरिक किसी भी कारण से वहां मौजूद हैं, उन्हें बेहद सावधानी बरतने, अपनी आवाजाही सीमित रखने और कराकस स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने को कहा गया है। वेनेजुएला इस समय गहरे राजनीतिक, सैन्य और मानवीय संकट के दौर से गुजर रहा है। अमेरिकी कार्रवाई ने न सिर्फ लैटिन अमेरिका बल्कि वैश्विक राजनीति में भी हलचल मचा दी है। आने वाले दिनों में यह देखना अहम होगा कि वेनेजुएला में सत्ता की दिशा क्या होती है और इस संकट का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्या असर पड़ता है।

# हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते पांच अभियुक्त गिरफ्तार

## 11,300 नकद सहित मोबाइल व मोटरसाइकिल बरामद

एजेंसी

**बांदा :** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मटौंध पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से माल-फड़ व तलाशी के दौरान कुल 11,300 नकद, चार मोबाइल फोन तथा दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिन्हें सीज कर दिया गया है।पुलिस के अनुसार 03/04 जनवरी 2026 की देर रात थाना मटौंध पुलिस गश्त एवं चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब के ठेके के पास कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं।



सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और पांच लोगों को रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान हरिश्चन्द्र पुत्र घनश्याम निवासी कस्बा मटौंध, रोहित पुत्र जागेश्वर निवासी कस्बा मटौंध, प्रेम बाबू पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी गुरहाथोक कस्बा मटौंध, अनुराग पुत्र हिम्मत सिंह निवासी हरसिंहथोक कस्बा मटौंध तथा बालेन्द्र पुत्र गुलाब सिंह निवासी हरसिंहथोक कस्बा मटौंध, थाना मटौंध जनपद बांदा के रूप में हुई है। इस कार्रवाई को उप निरीक्षक काशीनाथ यादव व उप निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार तथा कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार व सौरभ आर्या की टीम ने अंजाम दिया। टीम में शामिल उप निरीक्षक काशी नाथ यादव ने रविवार को बताया कि पकड़े गए सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# सरदार पटेल अखंड भारत के शिल्पी: भूपेंद्र पटेल

एजेंसी

**सूरत :** मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि देश को एकता के सूत्र में बांधने वाले अखंड भारत के शिल्पी सरदार वल्लभभाई पटेल के हम सभी वारिस हैं। सरदार साहब के लौह संकल्प और दृढ़ इच्छाशक्ति से प्रेरणा लेकर पाटीदार समाज ने देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। एकता और संगठन ही पाटीदार समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने यह टिप्पणी सूरत की विभिन्न संस्थाओं और संगठनों के सहयोग से समस्त लेउवा पाटीदार समिति सूरत के बड़े वराछा क्षेत्र में भव्य राजश्री सम्मान समारोह में की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्ल के मंत्र को पाटीदार समाज ने आत्मसात किया है और ह्यएक भारतझ्रश्रेष्ठ भारतह्ल की संकल्पना को साकार करने में अहम भूमिका निभाई है। शिक्षा और आधुनिकता को अपनाते हुए निरंतर विकास करना पाटीदार समाज की विशेषता है। परिश्रम, सादगी, बचत और आत्मनिर्भरता की भावना के कारण समाज ने कृषि, उद्योग, व्यापार और शिक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।



उन्होंने कहा कि सूरत और दक्षिण गुजरात ने डायमंड, टेक्सटाइल, स्टार्टअप और स्मार्ट सिटी के रूप में जो पहचान बनाई है, उसमें पाटीदार समाज के परिश्रम और उद्यमशीलता का बड़ा योगदान है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि राज्य सरकार ने सूदखोरों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए हैं। साथ ही, असमय बारिश से किसानों को हुए नुकसान के लिए 10,000 करोड़ रुपये का पैकेज घोषित कर तेजी से सहायता राशि सीधे किसानों के खातों में पहुंचाई है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि जल संरक्षण को जनभागीदारी से जन आंदोलन बनाया गया है। मात्र 10 महीनों में लगभग 35 लाख जल-संरक्षण संरचनाएं बनी हैं, वह भी बिना सरकारी खर्च के। गुजरात का जल-संरक्षण मॉडल आज पूरे देश में अपनाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुखभाई मांडविया ने कहा कि सरदार साहब नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा के प्रतीक हैं और उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ना हमारी जिम्मेदारी है। कृषि मंत्री जितुभाई वाघाणी ने कहा कि पाटीदार समाज ने कड़े परिश्रम से गांवों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है और सुशासन के कारण आज ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम में गुजरात की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अंजुबेन वेकरिया, विधायकगण, सामाजिक व राजनीतिक अग्रणी, डायमंड और टेक्सटाइल उद्योगपति तथा बड़ी संख्या में पाटीदार समाज के नागरिक उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष वेलजीभाई शेटा ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवक एवं विश्व शंखनाद अभियान के प्रणेता प्रकाशकुमार वेकरिया के गगनभेदी शंखनाद से हुआ।

# राजस्थान में कड़ाके की ठंड , नौ जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में सर्दी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को प्रदेश के पांच जिलों में शीतलहर और नौ जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को प्रदेश के तीन शहरों को छोड़कर शेष सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया। पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू (सिरोही) में लगातार दूसरे दिन रविवार को तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस मापा गया। वहीं शेखावाटी और जयपुर संभाग के जिलों में सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। उदयपुर में शनिवार को दोपहर



तक हल्का कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। पिछले 24 घंटे में उत्तर-पूर्वी और उत्तर-दक्षिणी जिलों जयपुर, भरतपुर, बीकानेर, कोटा और अजमेर के आंशिक क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ इन इलाकों में कोल्ड-वेव चली और दिन में भी गलन भरी सर्दी महसूस की गई। माउंट आबू के बाद फतेहपुर (सीकर) में सबसे अधिक सर्दी रही, जहां न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। फतेहपुर, सीकर और अलवर के ग्रामीण इलाकों में पाला पड़ना शुरू हो गया है, जिससे फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है। पाले से बचाव के लिए किसानों ने फसलों को ढकना शुरू कर दिया है। शीतलहर और कोहरे के चलते धूप का असर कमजोर पड़ गया है। शनिवार को अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से करीब चार डिग्री सेल्सियस नीचे मापा गया। दिन में सबसे अधिक ठंड पिलानी (झुंझुनूं) में रही, जहां अधिकतम तापमान मात्र 15.8 डिग्री सेल्सियस रहा। अन्य शहरों में अधिकतम तापमान जयपुर और सीकर 18 डिग्री, श्रीगंगानगर 18.2, कोटा 17.6, अलवर 18.5, अजमेर 18.2, वनस्थली (टोंक) 18.8, चूरू 16.9, सिरोही 17.4, करौली 16.8, झुंझुनूं 16, दौसा 18.9 और उदयपुर 20.9 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, राज्य में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा।

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री प्रचण्ड आज से दो दिन के दिल्ली दौरे पर

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री एवं नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के समन्वयक पुष्पकमल दाहाल ह्यप्रचंडह्ल आज भारतीय राजधानी नई दिल्ली के लिए रवाना हो रहे हैं। यह 08 और 09 सितंबर 2025 को हुए जेन-जी विरोध प्रदर्शनों के बाद माओवादी सहित विभिन्न दलों के विलय से नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के गठन के बाद प्रचण्ड की दिल्ली की पहली यात्रा है। उनके मुख्य निजी सचिव गोविंद आचार्य के अनुसार, प्रचंड पूर्व माओवादी, पूर्व यूनिफाइड सोशलिस्ट तथा पार्टी से संबद्ध प्रवासी संगठनों द्वारा आयोजित एक ह्लएकता संदेश बैठकह्ल को संबोधित करने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। आचार्य ने बताया, ह्लयह संदेश बैठक एक महीने पहले ही तय की गई थी और वह उसी को संबोधित करने के लिए दिल्ली जा रहे हैं।ह्व उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के बाद प्रचण्ड सोमवार को स्वदेश लौटेंगे। वे आज शाम प्रस्थान करेंगे और कल शाम वापस लौटने की योजना है। पांच मार्च को होने वाले चुनाव को देखते हुए प्रचंड की इस दिल्ली यात्रा पर राजनीतिक पर्यवेक्षकों की नजर है। हालांकि, उनके प्रवास के दौरान किसी अतिरिक्त कार्यक्रम या राजनीतिक मुलाकातों का खुलासा नहीं किया गया है।

# विदेशी पक्षियों से गुलजार हुआ पंचनद, संगम तट पर दिखा प्रकृति का अद्भुत नजारा

एजेंसी

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया इटावा जिले में चंबल सेंचुरी क्षेत्र में सर्दी का मौसम शुरू होते ही पंचनद और भरेह संगम विदेशी पक्षियों की चहचहाहट से गुलजार हो गया है। हजारों किलोमीटर लंबा सफर तय कर सायबेरिया, रूस और मलेशिया से आने वाले ये प्रवासी पक्षी हर साल सर्दियों में यहां डेरा डालते हैं। जैसे ही ठंड बढ़ती है, वैसे ही इन सुंदर और रंग-बिरंगे पक्षियों का आगमन शुरू हो जाता है, जिससे संगम तट का प्राकृतिक सौंदर्य और भी निखर उठता है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए इन विदेशी मेहमानों का कलरव आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। पंचनद और भरेह संगम पर सुबह-शाम पक्षियों के झुंड उड़ान भरते और जल में विचरण करते दिखाई देते हैं। बताया जाता है कि अपने मूल देशों में कड़ाके की ठंड और बर्फबारी शुरू होते ही



इन पक्षियों के लिए भोजन और प्रजनन कठिन हो जाता है। ऐसे में चंबल सेंचुरी की नम भूमि, जलाशय और खुला वातावरण इनके लिए बेहद अनुकूल साबित होता है। विदेशी पक्षियों के आगमन को देखते हुए सेंचुरी विभाग ने सुरक्षा और निगरानी भी बढ़ा दी है। सेंचुरी दरोगा प्रताप सिंह वर्मा, वीट प्रभारी रोहित सिंह यादव तथा नाविक अजय कुमार की टीम दिन-रात गश्त कर रही है। विशेष रूप से रात के समय पेट्रोलिंग की जा रही है, ताकि किसी शिकारी या जंगली जानवर द्वारा पक्षियों को कोई नुकसान न पहुंचाया जा सके। विभागीय कर्मचारी लगातार कांबिंग कर रहे हैं, जिससे अंडों और नवजात पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दिसंबर के मध्य से फरवरी के अंत तक भरेह संगम, पंचनद संगम और आसपास के सेंचुरी क्षेत्रों में इन पक्षियों की भरमार देखने को मिलती है। यह समय इनके प्रजनन के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। इसी दौरान मादा पक्षी अंडे देती हैं और फरवरी-मार्च तक बच्चे निकल आते हैं। बच्चों के उड़ान भरने योग्य होते ही ये पक्षी धीरे-धीरे अपने वतन की ओर लौट जाते हैं। चंबल सेंचुरी के विभिन्न इलाकों जैसे भरेह संगम, बबाईन पुल, पंचनद संगम, पथर्रा, छिबरौली, पालीघार, सहसों और बरचोली क्षेत्र में भी प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी दर्ज की गई है। रेंजर कोटेश त्यागी ने बताया कि रूस, सायबेरिया और मलेशिया से करीब 12 हजार किलोमीटर का सफर तय कर ये पक्षी यहां पहुंचते हैं। एक माह से अधिक समय की लंबी यात्रा के बाद संगम क्षेत्र में पहुंचकर ये अपना ठिकाना बनाते हैं।

यहां आने वाले प्रमुख पक्षियों में रूडी शेलडक, पेंटेड स्टॉर्क, विसलिंग टील, ब्लैक आइबिस, बार-हेडेड गूज, ब्लैक नेक्ड स्टॉर्क, प्लेसिस गल, टेल टिंगो और कामोरेंट आदि शामिल हैं। रेंजर के अनुसार सभी प्रवासी पक्षी दिसंबर माह तक पहुंच जाते हैं और पूरी सर्दी यहीं प्रवास करते हैं। गर्मी का मौसम शुरू होते ही ये फिर अपने देश लौट जाते हैं।

विदेशी पक्षियों की मौजूदगी न केवल चंबल सेंचुरी की जैव विविधता को समृद्ध बनाती है, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी यह क्षेत्र विशेष महत्व रखता है। प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए यह नजारा किसी उत्सव से कम नहीं है, जहां हर ओर पंखों की सरसराहट और प्रकृति का अद्भुत सौंदर्य देखने को मिलता है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मेला रामनगरिया में डीएम ने किया सूचना विभाग की प्रदर्शनी का उद्घाटन



**फरुर्खाबाद :** नये भारत का नया उत्तर प्रदेश की अवधारणा तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश ने श्री राम नगरिया मेला में लगायी गयी 01 माह की चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने किया। इस प्रदर्शनी में बेटियों के सम्मान के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, युवाओं के सपने साकार मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, आमजन के लिए चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), गरीबों के कल्याण हेतु अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, स्टार्ट इन यूपी, मातृ शक्ति के शिक्षा सुरक्षा व सम्मान सहित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई है; प्रदर्शन देखने के लिए बडी संख्या में अधिकारी और राजनेता और सामान्य जन पहुंच रहे हैं।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के जुर्म में युवक को भेजा जेल

**महोबा :** बुंदेलखंड के महोबा जिले में शोहदे की हरकतों से तंग आकर छात्रा द्वारा जहर खाकर जान देने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में जेल भेजा गया है। मौत से पूर्व छात्रा ने जहर खाते हुए वीडियो बना शोहदे को मोबाइल पर भेज और उसे मौत का जिम्मेदार ठहराया है। जिसकी चैटिंग वायरल हो गई थी। मृतका के परिजनों ने युवक पर बेटी को चार साल से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है । जनपद के चरखारी कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदौली निवासी रामभगत की बेटी प्रिया (21) ने मंगलवार को पड़ोसी गांव के सिरफिरे युवक की हरकतों से तंग आकर जानलेवा आत्मघाती कदम उठा लिया और जहर खाते हुए वीडियो बना व्हाट्सएप पर युवक को भेजा। जिसमें लिखा श्तुम चाहते थे न कि मैं मर जाऊं, अब तुम्हारे मन का हो जाएगा। अब खुश रहना, आजाद हो, तुमने मुझे बहुत परेशान कर रखा था। मृतका के पिता ने पड़ोसी गांव के सिरफिरे युवक रामनरेश पर पिछले चार सालों से बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। आरोपित लगातार बेटी पर शादी का दबाव बना रहा था। जिसके कारण बेटी ने अपनी जान दे दी है। खरेला थाना प्रभारी नन्हेलाल ने रविवार को बताया कि आरोपित रामनरेश निवासी दबका जरौली को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने गुरुवार को बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मोबाइल से मिले वीडियो और अन्य तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर आरोपित रामनरेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### नेपाल : प्रतिनिधि सभा चुनाव में 60 दिन बाकी, आचार संहिता लागू

**काठमांडू :** आगामी प्रतिनिधि सभा चुनाव में अब सिर्फ 60 दिन शेष रह गए हैं और नेपाल के नियम के तहत आज से ही निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन आचार संहिता लागू कर दिया है। रविवार से लागू की गई चुनाव आचार संहिता के अनुसार, किसी भी सरकारी या अर्ध–सरकारी निकाय को किसी राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष में कोई भी गतिविधि करने की अनुमति नहीं होगी। पांच मार्च को होने वाले चुनावो के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आचार संहिता में यह प्रावधान किया गया है कि किसी भी परियोजना के संसाधनों को इस प्रकार उपयोग में नहीं लाया जाएगा जिससे वे किसी दल या उम्मीदवार के पक्ष या विपक्ष में इस्तेमाल हो सकें। आयोग द्वारा संचालित चुनाव प्रबंधन, मतदाता शिक्षा एवं अन्य कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की बाधा डालने वाले कार्य नहीं किए जाएंगे और न ही चुनाव से संबंधित किसी सामग्री या सूचना को क्षति पहुँचाई या बदला जाएगा। आचार संहिता के अनुसार, किसी भी सरकारी या अर्ध–सरकारी निकाय, सार्वजनिक संस्था, विश्वविद्यालय, विद्यालय या कॉलेज का उपयोग चुनावी सभाओं या प्रचार के पक्ष या विपक्ष में नहीं किया जा सकेगा। इसके तहत यह भी प्रावधान किया गया है कि राजनीतिक दल या उम्मीदवार के चुनाव चिह्न वाले जैकेट, शर्ट, बनियान, टी–शर्ट, टोपी, शॉल, मास्क, लॉकेट अथवा किसी भी प्रकार के कपड़े या प्रतीकात्मक सामग्री जैसे स्टिकर, लोगो, बैग, बैज, टैटू आदि का निर्माण, उपयोग, बिक्री, वितरण या प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। आचार संहिता में यह भी व्यवस्था की गई है कि किसी निजी संगठन या व्यक्ति की संपत्ति पर मकान या भूमि स्वामी की अनुमति के बिना राजनीतिक गतिविधियाँ या प्रचार नहीं किया जा सकेगा। साथ ही, चुनाव प्रचार में बच्चों के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अतिरिक्त, किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस, आम सभा, कॉर्नर मीटिंग, बैठक, जमावड़ा या चुनाव प्रचार इस तरह नहीं किया जा सकेगा जिससे आम नागरिकों की आवाजाही बाधित हो। आचार संहिता यह भी स्पष्ट करती है कि सोशल मीडिया सहित किसी भी माध्यम में झूठी, भ्रामक या घृणास्पद सूचना का प्रसार नहीं किया जाएगा।

### रोहतक: डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को मिली 40 दिन की पैरोल

**रोहतक :** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर से 40 दिन की पैरोल मिली है। राम रहीम जेल से 15 वीं बार बाहर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि चालीस दिन दौरान राम रहीम सिरसा स्थित डेरे में रहेंगे। रविवार को डेरा प्रमुख राम रहीम को प्रशासन की तरफ से 40 दिन की पैरोल दी गई है। सुरक्षा को देखते हुए जेल परिसर में अतिरिक्त प्रबंध किये गए है। पिछले दिनों राम रहीम की पैरोल को लेकर पत्रकार रामचन्द्र छत्रपति के बेटे अंशुल ने भी सवाल उठाए थे कि राम रहीम कोई सामान्य कैदी नहीं है, वह एक हार्डकोर क्रिमिनल कैदी है। सरकार ने उच्च न्यायालय ेक बताया था कि राम रहीम को जेल नियमानुसार पैरोल दी जा रही है। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को पैरोल मिलने की खबर मिलते ही डेरा अनुयायियों में खुशी की लहर दौड़ गई। जनवरी महीने में डेरा के दूसरे गुरु शाह सतनाम जी महाराज का जन्म माह है। हर वर्ष 25 जनवरी को डेरा में इस अवसर पर भव्य आयोजन होता है। डेरा प्रमुख को पैरोल दिए जाने के बाद सिरसा में उनके आगमन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

### 72 वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में पहुंचे सीएम योगी



**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में रविवार से आयोजित 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहुंचे। उद्घाटन समारोह के मंच पर वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी और उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस समारोह का वर्चुअली उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ ही देर में करेंगे। इस प्रतियोगिता में देशभर से 58 टीमें (पुरुष एवं महिला ) भाग ले रही है । चैम्पियनशिप में स्विट्जरलैंड से अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ के आब्जर्वर भी मौजूद है। उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल संघ के सचिव सुनील कुमार तिवारी के अनुसार प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पहली बार सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप हो रही है। इसमें 30 पुरुष और 28 महिला टीमें भाग ले रही हैं।

# झारखंड को हाईटेक बनाना मेरा संकल्प नहीं, मिशन है: डॉ इरफान अंसारी

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड सरकार ने नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) को तकनीकी रूप से सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार ने वर्षों से चली आ रही जर्जर 2 जी प्रणाली को समाप्त करते हुए अत्याधुनिक 4जी सक्षम ई-पोश मशीनों को लागू करने का फैसला किया है। यह पहल न केवल तकनीकी सुधार है, बल्कि गरीबों के अधिकार, सम्मान और भरोसे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। जामताड़ा नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने 4जी ई-पोश मशीनों का औपचारिक शुभारंभ किया।



अब मशीन नहीं रुकेगी, गरीब नहीं रोएगा: इस मौके पर इरफान अंसारी ने कहा कि 'झारखंड को हाईटेक बनाना मेरा संकल्प नहीं, बल्कि मिशन है।' उन्होंने कहा कि पुरानी 2जी मशीनें धीमी गति और नेटवर्क समस्याओं के कारण लाभुकों के लिए परेशानी का कारण बन चुकी थीं, जिससे कई बार राशन वितरण बाधित हो जाता था। डॉ। अंसारी ने कहा कि नई 4जी ई-पोश मशीनों से राशन वितरण की प्रक्रिया तेज, सरल और निर्बाध होगी। इससे फजीर्वाड़े और बिचौलियों पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा तथा पूरी व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'अब मशीन नहीं रुकेगी, गरीब नहीं रोएगा।' मंत्री ने कहा कि यह बदलाव आने वाले वर्षों में झारखंड की पीडीएस व्यवस्था को देश के लिए मॉडल सिस्टम बनाएगा। राज्य की सभी 25,428 पीडीएस दुकानों पर 4जी ई-पोश मशीनें स्थापित की जा रही हैं। इससे करोड़ों लाभुकों को समय पर और सम्मान के साथ राशन मिल सकेगा।

सरकार डीलरों को व्यवस्था का मजबूत स्तंभ मानती है: सरकार के आंकड़ों के अनुसार राज्य में कुल 2 करोड़ 63 लाख से अधिक लाभुक पीडीएस से जुड़े हैं, जिनमें से दो करोड़ से अधिक का ई-केवाईसी पूरा किया जा चुका है। शेष लाभुकों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया को आसान बनाने हेतु ई-पोश मशीन और मोबाइल ऐप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। डॉ अंसारी ने डीलरों के मुद्दे पर भी सरकार का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा डीलर कमीशन रोके जाने के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से 25,428 पीडीएस डीलरों का कमीशन जारी किया। उन्होंने कहा कि सरकार डीलरों को व्यवस्था का मजबूत स्तंभ मानती है और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासनिक स्तर पर पीडीएस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वर्षों से रिक्त पदों पर एमओ की बहाली की गई है, निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है और किसानों के हित में भंडारण क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। जामताड़ा में तीन नए आधुनिक गोदामों को भी स्वीकृति दी गई है।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए डॉ अंसारी ने कहा कि लंबे समय तक शासन करने वाली सरकारों ने पीडीएस व्यवस्था की अनदेखी की, जबकि वर्तमान सरकार समाधान की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक झारखंड का एक भी लाभुक भूखा न रहे।

# सीबीआई ने उप डाकपाल प्रभात रंजन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला किया दर्ज

**संवाददाता**

**धनबाद :** डाकिया से उप डाकपाल बने धनबाद के चर्चित पोस्टल कर्मचारी प्रभात रंजन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला सीबीआई ने दर्ज किया है । एक बार फिर उनकी मुश्किलें बढ़ गई है । पहले तीस हजार घूस लेते गिरफ्तार किए गए थे और अब आय से अधिक संपत्ति का मामला उनके खिलाफ दर्ज किया गया है। धनबाद सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने प्रभात रंजन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की प्राथमिकी दर्ज की है। 2025 के 12 फरवरी को सीबीआई की टीम ने प्रभात रंजन को ग्रामीण डाक सेवक से ?30,000 घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। बता दें कि कोयला नगर, बीसीसीएल टाउनशिप डाकघर में पदस्थापित सब पोस्टमास्टर प्रभात रंजन गोविंदपुर के-के पॉलिटेक्निक उप डाकघर के ग्रामीण डाक सेवक अमन कुमार को मल्टी टास्क स्टाफ बनाने के एवज में रिश्वत ले रहे थे ।इस मामले में उन्हें हाई कोर्ट से जमानत मिल गई और वह जेल से बाहर आ गए।

जेल से निकलने के बाद उनकी पोस्टिंग सेंट्रलाइज्ड डिलीवरी ऑफिस में की गई। फिलहाल वह अपनी सेवा वही दे रहे हैं। 1 जनवरी 2015 से 13 फरवरी 2025 के बीच प्रभात रंजन के पूरे परिवार की संपत्ति की जांच की गई ।जांच में उनकी संपत्ति 91 लाख से अधिक पाई गई। जांच में खुलासा हुआ की 1 जनवरी 2015 को प्रभात रंजन की संपत्ति केवल 1।06 लाख रुपए थी। 13 फरवरी 2025 को यह बढ़कर 96 लाख से अधिक हो गई।

प्रभात रंजन के बारे में बताया जाता है कि 18 जुलाई 1987 को डाकिया के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। मार्च 1996 में वह पोस्टल असिस्टेंट बने। अगस्त 2016 तक वह धनबाद हेड पोस्ट ऑफिस में पोस्टल असिस्टेंट के रूप में पदस्थापित रहे। इसी साल उनका स्थानांतरण बीसीसीएल टाउनशिप डाकघर में किया गया ।यहां उनका लोअर सिलेक्शन ग्रेड में प्रमोशन भी हुआ। फिर वह 25 जनवरी 2021 से 19 जून 2024 तक नया बाजार डाकपाल में कार्यरत रहे ।इसके बाद फिर बीसीसीएल टाउनशिप में उनका दोबारा ट्रांसफर किया गया था। 12 फरवरी 2025 को इसी पद पर रहते हुए वह रिश्वत लेते सीबीआई के हाथों गिरफ्तार हुए थे।

# फर्जी आईएएस-सीएओ बनकर घूम रहा था ठग, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**संवाददाता**

**पलामू :** जिले के हुसैनाबाद थाना में खुद को 2014 बैच का ओडिशा कैडर आईएएस व सीएओ बताकर अफसरों को गुमराह करने वाला एक व्यक्ति शुक्रवार को पलामू की हुसैनाबाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

पूछताछ में आरोपी के बयानों में विरोधाभास मिलने पर संदेह गहराया। जांच में खुलासा हुआ कि वह किसी भी सरकारी सेवा में नहीं है। आरोपी राजेश कुमार (35 वर्ष) ने 6-7 वर्षों से फर्जी अधिकारी बनकर घूमने की बात कबूली। राजेश कुमार हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव का निवासी है। तलाशी में फर्जी आईपीटीएएफएस आईडी कार्ड, मोबाइल, कोचिंग आईडी और कार पर लगा 'भारत सरकार, सीएओ दूरसंचार विभाग' लिखा नकली नेम बोड'बरामद हुआ। मामले में हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 01/26 (दिनांक 02.01.26) दर्ज कर आरोपी को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। कार्रवाई का नेतृत्व एस। मोहम्मद याकूब के निर्देशन में सोनू कुमार चौधरी ने किया। टीम में बबलू कुमार, धनंजय गोप, मुकेश कुमार सिंह व रमन यादव शामिल थे।

# शॉट सर्किट से फुटवियर गोदाम में लगी आग, नुकसान



**संवाददाता**

**बोकारो:** शहर में आवासीय कॉलोनी के बीच फुटवियर गोदाम में आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गयी। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया।

जिला के सेक्टर 12 थाना अंतर्गत बारी कोऑपरेटिव के मनमोहन कॉलोनी में शनिवार देर शाम यह घटना उस समय घटी जब लोग अपने घरों में थे। वहीं आवासीय कॉलोनी के बीच एक फुटवियर गोदाम से चिंगारी निकलते हुए लोगों ने देखा और देखते ही देखते पूरा का पूरा गोदाम आग के आगोश में समा गया। गोदाम के अंदर रखा सारा सामान आग में धू-धूकर जलने लगा।

आग की लपटों को देखते हुए लोगों ने गोदाम के मालिक को सूचना दी और फायर ब्रिगेड को भी जानकारी दी गई। इसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंची और फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गोदाम के मालिक ओंकार पांडे ने बताया कि गोदाम में पहले से ही विभिन्न कंपनियों की फुटवियर स्टॉक था और फुटवियर में इस्तेमाल होने वाले कच्चा माल था। पिछले दो दिन पूर्व भी 60 लाख के माल मंगाई गयी थी जो आग में जलकर पूरी तरह से बर्बाद हो गया। इस आग से उनको लगभग एक करोड़ का नुकसान हुआ है।

अनुमान लगाया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी होगी। हालांकि इस मामले को लेकर अभी स्पष्ट रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता है। वर्तमान में आज पर काबू पा लिया आ गया है लेकिन धुआं काफी होने के कारण कुछ स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहा है।

वहीं फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने बताया कि आग काफी भयावह थी अगर समय पर काबू नहीं पाया गया रहता तो अनहोनी हो सकती थी। उन्होंने बताया कि समय रहते गोदाम के ऊपरी भवन में 20 से 25 मजदूर रहते थे जो सकुशल बाहर निकल गए और सुरक्षित है।

आग से काफी नुकसान हुआ है और समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो यह घटना और भयावह होती क्योंकि इसके अगल-बगल भी आवासीय कॉलोनी है। इससे

**आग की लपटों को देखते हुए लोगों ने गोदाम के मालिक को सूचना दी और फायर ब्रिगेड को भी जानकारी दी गई। इसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंची और फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गोदाम के मालिक ओंकार पांडे ने बताया कि गोदाम में पहले से ही विभिन्न कंपनियों की फुटवियर स्टॉक था और फुटवियर में इस्तेमाल होने वाले कच्चा माल था।**

## 3 जनवरी झारखंड आंदोलनकारी दिवस

# उपहार में नहीं मिला झारखंड,यह लंबे संघर्षों और शहादत की देन है

**भुवनेश्वर केवट**

**बेरमो/गांधीनगर:** संविधान सभा के सदस्य और झारखंड आंदोलन के संस्थापक मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा और सावित्री बाई फुले की जयंती पर झारखंड आंदोलनकारियों ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। झारखंड आंदोलनकारीयों को मान सम्मान और पेंशन की गारंटी देना होगा, सभी झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों को सीधी नियुक्ति देना होगा आंदोलनकारियों के लिए गुरु जी मेडिकल कार्ड जारी करो, शहीदों के सपनों का झारखंड के लिए संघर्ष तेज करोऔर जय झारखंड के जोरदार जोरदार नारों के चलकरी दक्षिणी पंचायत के बाघा टोंगरी स्थित झारखंड आंदोलनकारी स्मारक स्थल पर आज आंदोलनकारी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी शामिल हुए। झारखंड आंदोलनकारीयों ने संविधान सभा के सदस्य और झारखंड आंदोलन के संस्थापक मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोदनकारी दिवस के रूप में घोषित करने की मांग किया।

झारखंड आंदोलनकारी स्मारक स्थल पर आयोजित झारखंड दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिह्नित आंदोलनकारी और भाकपा माले नेता भुवनेश्वर केवट ने कहा कि आजादी के आंदोलन की तरह ही झारखंड 80 वर्षों के लंबे आंदोलन के बाद झारखंड अलग राज्य हासिल हुआ है। झारखंड उपहार में नहीं बल्कि लंबे संघर्षों और शहादत की देन है। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में जेल नहीं जाने वाले ऐसे आंदोलनकारियों को जिनके ऊपर मुकदमें हुए हैं , जो लंबे समय जंगलों में अज्ञातवास रहकर आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं वैसे आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन की राशि का लाभ दिया जाए। आंदोलनकारियों और शहीदों के आश्रितों को को क्षैतिज आरक्षण के बजाय सीधी नियुक्ति की गारंटी किया जाए। उन्होने आगे कहा कि झारखंड के आंदोलनकारियों के भावनाओं का राज्य और केंद्र की सरकार ख्याल करें वरना झारखंड के जंगल जमीन और कोयला लोहा समेत अन्य खनिजों की अंधाधुंध लूट के खिलाफ फिर से नाकेबंदी आंदोलन की शुरूआत होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक मंडल ने कहा झारखंड के शहीदों को आज भी उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा है। मारंग गोमके के सावित्री बाई फुले की जीवनी और संघर्ष को बच्चों के पाठ्य कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। झारखंड आंदोलनकारी नेता पंचानन मंडल ने कहा कि आज फिर झारखंड आंदोलन की तरह ही झारखंड को बचाने का आंदोलन तेज करना होगा। अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी इंद्रदेव सिंह ने की। सभा को पदुम महतो, बैजनाथ गौराइं ,राज केवट, ज्ञान सिंह दुर्गा सिंह,रामदास हांसदा, चुन्नीलाल केवट, ठाकुर लाल मांझी, मकसूद आलम,कामेश्वर गिरि कुतुबुद्दीन, चुनीलाल रजवार भूषण केवट, लखन लाल नायक, गणपत सिंह, खूबलाल नायक , नरेश गिरी , कामेश्वर नायक रूपलाल केवट , कमल मांझी व अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक आयोजित

# वैश्य सद्भावना महासम्मेलन को सफल बनाने की तैयारी शुरू,तैयारी समिति की घोषणा कल



**भुरकुंडा:** भुरकुंडा स्थित उत्सव मैरेज हॉल में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर 30 जनवरी को भुरकुंडा में होने वाले वैश्य सद्भावना महासम्मेलन की तैयारी को लेकर रखी गयी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। इस बैठक में पर्यवेक्षक के बतौर कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु (कांके) व उप प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता (ओरमांझी) उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहु (हजारीबाग), राजकुमार केशरी (रामगढ़) एवं कृष्णदेव साहु (रांची) को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, उप प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया आदि ने माला पहना कर एवं बुके दे कर सम्मानित किया। तत्पश्चात बैठक में वैश्य सद्भावना महासम्मेलन को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। तय किया गया कि इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी समिति, प्रचार प्रसार समिति एवं स्वागत समिति का गठन किया जायेगा। इन समितियों का गठन एवं नामों की घोषणा 5 जनवरी को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि महासम्मेलन के दिन भुरकुंडा थाना मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाला जायेगा, जो मेन रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पर जा कर समाप्त होगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी पदाधिकारी और सदस्य 6 जनवरी से अपने अपने प्रखंडों, जिलों में बैठक कर इस कार्यक्रम में आने वालों की सूची अभी से ही बनाना शुरू कर देंगे और 17 जनवरी को वह सूची जमा करेंगे।

इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हमारे आदर्श हैं। यह गर्व की बात है कि वे वैश्य समाज से आते हैं। इसलिए उनके विचारों को जिंदा रखना, उनके बताये गये मार्ग पर चल कर ही वैश्य ओबीसी को अधिकार और सम्मान दिलाया जा सकता है। साहु ने कहा कि भुरकुंडा की धरती वैश्य आंदोलन और अभियान की जननी धरती है।

## चतरा पहुंचे झारखंड ओलम्पिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और वॉलीबॉल संघ के सचिव

# जिले के खेल पदाधिकारियों और खिलाड़ियों से की मुलाकात





**संवाददाता**

**चतरा:** उत्तरप्रदेश के वाराणसी में आयोजित वॉलीबॉल महाकुंभ में हिस्सा लेने जा रहे झारखंड ओलम्पिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और वॉलीबॉल संघ के मुख्य संरक्षक शेखर बोस अपनी टीम के साथ शनिवार को चतरा पहुंचे। चतरा पहुंचने पर जिला ओलम्पिक संघ के पदाधिकारियों ने बुके देकर उनका और उनकी टीम का स्वागत किया। दौरे में श्री बोस के साथ राज्य बॉलीबॉल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील सहाय,सचिव उत्तम राज, अंतर्राष्ट्रीय कोच और वर्किंग सेक्रेटरी संजय कुमार शामिल थे। इस दौरान जिला ओलम्पिक संघ और बॉलीबॉल संघ के पदाधिकारियों के साथ खेल के विकास को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में अन्य खेलो के साथ साथ वॉलीबॉल के सर्वांगीण विकास और मजबूती की चर्चा की गई। इस मौके पर जिला ओलम्पिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा,सचिव राकेश कुमार सिंह, वॉलीबाल संघ के उपाध्यक्ष सह कोच मो शाहबान, वेटलिफ्टिंग संघ के कोषाध्यक्ष निशांत जायसवाल समेत खिलाड़ी मौजूद थे।आपको बताते चलें कि वाराणसी में आज से 11 जनवरी तक 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस महाकुंभ में पूरे देश से 1250 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। महाकुंभ का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।